डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 104 | पेज: 8 | जयपुर, रविवार, 23 मार्च 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## भारतीय युवा देशभक्त, लेकिन राजनीतिक दलों पर भरोसा नहीं

● 29 फीसदी युवा पॉलिटिक्स से पूरी तरह दूर, 81 फीसदी की पहली पहचान भारतीय होना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वॉयस फॉर इन्क्लूजन, बिलॉन्गिंग, एंड एम्पावरमेंट और प्रोजेक्ट पोटेंशियल' की रिपोर्ट के मुताबिक, 81 फीसदी भारतीय युवाओं में देशप्रेम की भावना मजबूत है। मतलब वे खुद को पहले भारतीय मानते हैं, लेकिन 31 फीसदी व्यक्तिगत पहचान को ज्यादा महत्व देते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान न करने की वजह 43 फीसदी युवाओं ने घर से दूर होना बताया है। जबकि 18 फीसदी ने कहा कि उन्हें राजनीतिक दलों पर भरोसा नहीं है। रिपोर्ट में सामने आया कि भारतीय युवा राजनीति से धीरे-धीरे दूर हो रहे हैं। देश में 29 फीसदी युवा पॉलिटिक्स से पूरी तरह दूरी बनाए हुए हैं। 26 फीसदी किसी दल से जुड़े बिना राजनीतिक



चर्चाओं में भाग लेते हैं। 11 फीसदी ही किसी दल के सदस्य हैं। एजेंसी की ओर से तैयार की गई यह रिपोर्ट 4,972 युवाओं के सर्वे के आधार पर तैयार की गई है। यह सर्वे जून-अगस्त 2024 के बीच किया गया है। एनजीओ वाईएलएसी के को फाउंडर रोहित कुमार का मानना है कि युवाओं की भागीदारी को संस्थागत समर्थन की जरूरत है। युवाओं की आकांक्षाओं पर खरा उतरना सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हमें ऐसे मंच तैयार करने होंगे जहां युवा सिर्फ सहभागी ही नहीं, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया का हिस्सा बन सकें। 49 फीसदी युवा समाजसेवी उद्यम शुरू करना चाहते हैं, लेकिन 58 को फंडिंग और 39 फीसदी को सही मार्गदर्शन की कमी है।

## 54 हजार करोड़ की डिफेंस डील, केंद्र की मंजूरी

● सेना को मिलेंगी 307 हॉवित्जर तोपें, पाकिस्तान और चीन बॉर्डर पर तैनात किया जाएगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने सेना की डिफेंस कैपसिटी बढ़ाने के लिए गुरुवार को दो बड़े फैसले लिए हैं। केंद्र सरकार ने 7,000 करोड़ की लागत से 307 एडवांस तोपें खरीदने को मंजूरी दे दी है, जिन्हें पाकिस्तान और चीन बॉर्डर पर तैनात किया जाएगा। साथ ही, रक्षा मंत्रालय ने 54,000 करोड़ की सैन्य खरीद को हरी झंडी दी। इसमें



एयरबोर्न अर्ली वार्निंग सिस्टम, टी-90 टैंकों के नए इंजन और नौसेना के लिए वरुणास्त्र टॉरपीडो शामिल हैं। भारत में बनी, दुश्मनों पर भारी जैसा कि इसके नाम एडीएजीएस से जाहिर है कि यह टोड गन यानी ऐसी तोप है जिसे ट्रक से खींचा जाता है। हालांकि, यह गोला दागने के बाद बोफोर्स की तरह कुछ दूर खुद ही जा सकती है। इस तोप का कैलिबर 155 एमएम है। मतलब यह कि इस आधुनिक तोप से 155 एमएम वाले गोले दागे जा सकते हैं। एडीएजीएस को हॉवित्जर भी कहा जाता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने जज वर्मा के खिलाफ शुरू की जांच

● एचसी के चीफ जस्टिस से भी मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ आंतरिक जांच शुरू कर दी है। यह जांच जस्टिश वर्मा के घर पर मिली नकदी को लेकर है। बार एंड बेंच ने अपने सूत्रों के हवाले



से बताया कि शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय से भी रिपोर्ट मांगी है। बता दें, दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर लगी आग के बाद भारी मात्रा में नकदी बरामद होने से न्यायपालिका में हड़कंप मच गया। यह मामला इतना गंभीर हो गया कि सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना के नेतृत्व वाले कॉलेजियम को उन्हें तत्काल इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर करने का फैसला लेना पड़ा। न्यायिक गलियारों में हलचल मचा दी है।

## पंजाब सरकार की मीटिंग से किसानों का किनारा

● विस के बजट सत्र में कांग्रेसियों ने कर दिया हंगामा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर से किसानों को जबरन हटाने को लेकर किसान पंजाब सरकार पर भड़के हुए हैं। पंजाब सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चा के पंजाब चैप्टर और भारतीय किसान यूनियन (उगराहां) की चंडीगढ़ में शाम 7 बजे मीटिंग बुलाई गई थी। मगर, उगराहां के साथ साथ एसकेएम ने भी सरकार से बातचीत करने से मना कर दिया। एसकेएम



ने तो 28 मार्च को जबरी विरोध दिवस मनाने की घोषणा भी कर दी है, जिसके तहत राज्य के डीसी (डिप्टी कमिश्नर) को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। उधर बीकेयू उगराहां के प्रधान जोगिंदर उगराहां ने कहा कि हमें यह नहीं पता कि शंभू-खनौरी बॉर्डर से कितने किसान हिरासत में लिए, वह कहां हैं। ऐसी स्थिति में हम मीटिंग नहीं कर सकते।

## यूपी में उपद्रव नहीं अब उत्सव मनाए जा रहे हैं

● योगी बोले-सत्ता भी गंवानी पड़ी तो समस्या नहीं

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या पहुंचे सीएम योगी ने कहा कि हम सत्ता के लिए नहीं आए हैं। राम मंदिर के लिए सत्ता भी गंवानी पड़ी तो कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। यूपी में अब उपद्रव नहीं उत्सव मनाए जा रहे। जिसने राम पर लिखा वो महान हुआ। वह शुक्रवार सुबह 10



बजे हेलीकॉप्टर से रामकथा पार्क पहुंचे। भाजपा के नेताओं और गोसाईगंज से सपा के बागी विधायक अभय सिंह ने योगी का स्वागत किया। इसके बाद सीएम सीधे हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे। यहां पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने रामलला के दर्शन किए। करीब 20 मिनट तक निर्माण कार्यों का जायजा लिया। योगी यहां से कला और साहित्य महोत्सव में पहुंचे।

## अवैध खनन पर खान विभाग की बड़ी कार्रवाई, 70.37 करोड़ का जुर्माना, 3 FIR दर्ज



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। खान विभाग द्वारा अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ नागौर में एक साथ अलग अलग स्थानों पर अब तक की सबसे बड़ी और ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अवैध खननकर्ताओं पर 70 करोड़ 37 लाख का जुर्माना लगाने के साथ ही संबंधित थानों में 3 एफआईआर दर्ज कराई है। विभाग को गोपनीय तरीके से प्राप्त सूचना के आधार पर निदेशक खान दीपक तंवर ने मुख्यालय उदयपुर से गोपनीय तरीके से अधिकारियों की अलग अलग टीम गठित कर संबंधित स्थानों पर एक साथ कार्रवाई के लिए भेजी।

खासबात यह कि टीम के सदस्यों को भी कार्रवाई स्थल की पूर्व में जानकारी नहीं दी गई और इसका परिणाम यह रहा कि अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई संभव हो पाई।

गौरतलब है कि राज्य सरकार अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सख्तकार्रवाई की पक्षधर रही है और फील्ड अधिकारियों को अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाते रहे हैं।

विभाग द्वारा बनाई गई विशेष टीम द्वारा पूर्ण गोपनीयता बरतते हुये नागौर जिले में अवैध खनन के विरूद्व आकस्मिक कार्यवाई करते हुए श्री राम केमिकल्स के लाईमस्टोन के खनन पट्टा संख्या 67/2001 की जांच करने पर लीज क्षेत्र के अन्दर क्रैशर मिला जिसके द्वारा रवन्नाओं के दुरूपयोग कर लगभग 3,32,177 टन खनिज का निर्गमन पाया जाने पर 48 करोड 16 लाख की शास्ती आरोपित की गई। इसी प्रकार भावण्डा के समीप एक अवैध खनन पिट में लगभग 19 हजार 900 टन खनिज चूना पत्थर का अवैध खनन कर निर्गमित किया हुआ पाया गया। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि यह अवैध खनन राम किशोर दातोड द्वारा करवाया जा रहा है एवं यह अवैध पिट उनके मकान के सम्मुख ही लगभग 5 से 15 मीटर की दूरी पर पाया गया। विशेष जांच दल द्वारा अवैध खनन का पंचनामा बनाया जाकर रू. 14.48 करोड की शास्ती लगाई गई। अवैध खननकर्त्ता रामकिशोर दोतड एवं खातेदार रामजीवन के विरूद्व भावण्डा पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 30/2025 दर्ज करवाई गई।

खान विभाग के एक अन्य दल द्वारा गंगवाना क्षेत्र में एक चूने के भट्टा शिवम लाईम प्रोडक्ट प्रो. सुमेर सिंह उदावत के भट्टा क्षेत्र में लगभग 550 टन खनिज लाईमस्टोन मिलने पर रेकार्ड मांगने पर खनिज स्वयं के खनन पट्टा संख्या 31/2002 एवं एक अन्य खनन पट्टा 30/2002 से खनिज प्राप्त किया जाना बतलाया गया जिस पर जांच दल द्वारा उक्त दोनों खनन पट्टों का निरीक्षण करने पर खनन पट्टा संख्या 31/2002 में लगभग 16,632 टन खनन पट्टा क्षेत्र से बाहर अवैध खनन किया जाना प्रमाणित होने पर अवैध खनन की शास्ती राशि रू. 2.41 करोड आरोपित की गई एवं अन्य खनन पट्टा संख्या 30/2002 में भी अवैध खनन लगभग 24,884 टन अवैध खनन लीज क्षेत्र के बाहर पाया जाने पर शास्ती राशि रू. 3 करोड़ 61 लाख रु. आरोपित की गई। जांच दल द्वारा संबंधित थाने में अवैध खननकर्त्ता सुमेर सिंह एवं ललित ब्यास के विरूद्व नामजद दो एफआईआर संबधित पुलिस थाने में दर्ज करवाई जा रही है।

एक अन्य कार्रवाई में जांच दल द्वारा टाडावास में मैसर्स धीरज केमिकल स्टोन में अवैध खनिज चुनाई पत्थर लगभग 3,120 टन पाया जाने पर 11 लाख 12 हजार रु. की शास्ती आरोपित की गई एवं इनके द्वारा खनिज तरूणू स्थित खनन पट्टा संख्या 15/2004 से लाना दर्शाने पर खनन पट्टे के निरीक्षण में 42613 टन रवन्नाओं का दुरूपयोग पाया जाने पर 1करोड 49 लाख की शास्ती आरोपित की गई एवं इसके समीप स्थित अन्य खनन पअ्टा 16/2004 में लगभग 1092 टन रवन्नाओं का दुरूपयोग पाया जाने पर रू. 4 लाख 02 लाख की शास्ती आरोपित की गई। राज्य सरकार द्वारा अधिकारियों को अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## सपा सांसद के बयान पर बवाल, भाजपा ने बताया अपमानजनक, देश से माफी मांगने की मांग



नई दिल्ली (रॉयल पत्रिका)। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के एक बयान ने सियासी हलचल बढ़ा दी है। उन्होंने संसद में बोलते हुए कहा कि "अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं, तो हिंदू गद्दार राणा सांगा की औलाद हुए।" उनके इस बयान पर भाजपा और हिंदू संगठनों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और इसे भारतीय महापुरुषों का अपमान बताया है।

- संसद में क्या बोले सपा सांसद?

राज्यसभा में बोलते हुए रामजी लाल सुमन ने कहा कि "भाजपा वाले बार-बार कहते हैं कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है, लेकिन फिर हिंदुओं में किसका डीएनए है?" उन्होंने कहा कि "बाबर को हिंदुस्तान में लाने वाले राणा सांगा ही थे, तो फिर हिंदू किसकी औलाद हुए?"

उन्होंने आगे कहा, "देश की आज़ादी की लड़ाई में अंग्रेजों की गुलामी करने वाले लोग आज हमें राष्ट्रवाद सिखा रहे हैं। हिंदुस्तान का मुसलमान बाबर को अपना आदर्श नहीं मानता, बल्कि वह मोहम्मद साहब और सूफी परंपरा को आदर्श मानता है।"

- भाजपा का पलटवार, संजीव बालियान बोले- "धिक्कार है!"

सपा सांसद के इस बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय बालियान ने X (ट्विटर) पर लिखा, "रामजी लाल सुमन ने तुष्टिकरण की सभी हदें पार कर दीं। उन्होंने संसद में वीर राणा सांगा को गद्दार कहा। यह राजपूत समाज और समस्त हिंदू समाज का घोर अपमान है। समाजवादी पार्टी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।"

भाजपा की ओर से जारी बयान में कहा गया कि "सपा के नेता तुष्टिकरण की राजनीति में इतने डूब चुके हैं कि वे विदेशी आक्रांताओं को महिमामंडित करने के लिए भारतीय महापुरुषों का अपमान करने से भी पीछे नहीं हटते।"

- संसद में हंगामा, राज्यसभा उपसभापति ने दी चेतावनी

संसद में इस बयान को लेकर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने सपा सांसद को चुप कराने की कोशिश की, लेकिन वह लगातार बोलते रहे।

रामजी लाल सुमन की 3 बड़ी बातें:

1 "देश में जानबूझकर सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश हो रही है।"

2"अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में होली की अनुमति नहीं दी गई, बाद में मिली, लेकिन वहां के छात्रों को धमकाया गया।"

3 "देश में कानून का राज है या जंगलराज? क्या यह देश किसी के बाप का है?"

- कौन हैं रामजी लाल सुमन?
- समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और वर्तमान में राज्यसभा सांसद।
- 1977 में फिरोजाबाद से पहली बार सांसद चुने गए।
- 1991 में चंद्रशेखर सरकार में श्रम, कल्याण, महिला एवं बाल विकास मंत्री रहे।
- मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी माने जाते हैं।
- राजनीतिक विवाद और असर

यह बयान ऐसे समय में आया है जब देश में 2024 के आम चुनाव नजदीक हैं। सपा और भाजपा के बीच पहले से ही तनाव चल रहा है, और इस बयान ने राजनीतिक सरगर्मियां और तेज कर दी हैं। अब देखना होगा कि रामजी लाल सुमन अपने बयान पर कायम रहते हैं या माफी मांगते हैं, और क्या भाजपा इस मुद्दे को चुनावी मंच पर भुनाने की कोशिश करेगी।

## चुनाव से पहले 'राष्ट्रगान' पर घिर गए बिहार सीएम

● *एक तरफ राबड़ी तो दूसरी ओर तेजस्वी ने खोला नीतिश के खिलाफ मोर्चा*

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा में शुक्रवार को नीतिश के राष्ट्रगान के अपमान करने के मुद्दे पर जोरदार हंगामा होता रहा। सदन के अंदर और बाहर विपक्ष ने पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। कार्यवाही शुरू होने से पहले आरजेडी ने सीएम नीतिश कुमार से इस्तीफे की मांग की। सदन के बाहर पोर्टिको में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी हाथ में बैनर लिए खड़े दिखे।

विपक्ष के हंगामे के कारण आज सिर्फ 22 मिनट ही सदन की कार्यवाही चल पाई। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा- बिहार के लिए कल काल दिवस था। पीएम मोदी के लाडले सीएम ने राष्ट्रगान का अपमान किया है। लाडले सीएम पर पीएम क्या कहेंगे। भारत माता की जय करने वाले बीजेपी के दोनों डिप्टी सीएम गायब हैं। कल हम सब का सिर शर्म से झुक गया है। इंडिया की राजनीति में पहली ऐसी घटना है, जहां राष्ट्रगान



का अपमान हुआ है। पीएम मोदी ने एक ट्वीट तक नहीं किया। सीएम नीतिश कुमार को रिटायरमेंट ले लेना चाहिए। राष्ट्रगान को अपमान करने वाले को तीन साल की सजा होती है। विधान परिषद में भी राष्ट्रगान के अपमान पर हंगामा हुआ। कार्यवाही के दौरान राबड़ी देवी का माइक बंद हो गया। उन्होंने माइक चालू कराने की मांग की। राबड़ी ने कहा, अगर मुख्यमंत्री नीतिश कुमार का दिमाग खराब है, तो उनको गद्दी छोड़नी चाहिए और अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। बेटा नहीं बनता तो किसी दूसरे अपने को कुर्सी सौंप दें।


## कर्नाटक में पास हुआ मुस्लिम कोटा विधानसभा में बवाल

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक विधानसभा में शुक्रवार को जबरदस्त हंगामा हुआ। हालांकि, इस गहमागहमी के बीच अल्पसंख्यकों के लिए सरकारी ठेकों में चार फीसदी का आरक्षण देने वाला बिल पास हो गया है। इसके साथ ही मंत्रियों और विधायकों के वेतन से जुड़ा बिल भी पारित हो गया है। सदन में जारी हंगामे के बीच विधानसभा की कार्यवाही को 01.30 बजे तक स्थगित कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्यमंत्री की सैलरी को 75,000 रुपये से बढ़कर 1.5 लाख रुपये करने का प्रस्ताव है। वहीं मंत्रियों की सैलरी 60,000 रुपये से बढ़कर 1.25 लाख रुपये कर दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि विधायकों की सैलरी 40,000 से बढ़ाकर 80,000 रुपये करने का प्रस्ताव है। भाजपा विधायकों ने चार फीसदी वाले कोटा विधेयक की प्रतियों फाड़कर उसे स्पीकर की तरफ फेंकी। बीजेपी इस विधेयक को 'असंवैधानिक' बताकर इसका विरोध कर रही है। पार्टी का कहना है कि वो इस विधेयक को कानूनी रूप से चुनौती देगी। बीजेपी विधेयक को पारित किए जाने के खिलाफ है।

● श्रीलंकाई समुद्र में ड्रैगन की नई साजिश

## भारत के खिलाफ फिर से चलने लगा चाल, श्रीलंकाई मछुआरों को भड़काया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ चीन की चालबाजी एक बार फिर सामने आई है। इस बार ड्रैगन श्रीलंका में साजिश रचकर भारतीय मछुआरों को निशाना बनाने की



कोशिश कर रहा है। अपने षडयंत्र को अंजाम देने के लिए चीन के अधिकारी बकायदा श्रीलंका के मछुआरों से मुलाकात कर रहे हैं। सीधे तौर पर यह चीन की श्रीलंका में दबदबा बढ़ाने की कोशिश है। दरअसल, चीन इन दिनों उत्तरी और पूर्वी श्रीलंका के अशांत पानी में मछली पकड़ रहा है, लेकिन इसके साथ वह श्रीलंका के स्थायी मछुआरों को भारत के खिलाफ भड़काने की साजिश भी रच रहा है। चीन यह भी नहीं सोच रहा है कि इससे हिंद महासागर में भारत के हितों पर असर पड़ सकता है। चीन की इन चालबाजियों का ही असर है कि अब श्रीलंका के उत्तरी द्वीपों में मछुआरों ने भारत पर अतिक्रमण का आरोप लगाना शुरू कर दिया है। चीन की बातों में आकर ये मछुआरे अब जाफना शहर के मत्स्य विभाग के दफ्तर के सामने विरोध-प्रदर्शन करने की प्लानिंग कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक चीन के सीनियर अधिकारियों ने कुछ समय पहले श्रीलंका के उत्तरी द्वीपों के मछुआरों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। उन्होंने मछुआरों से उनकी शिकायतें पूछीं। एक श्रीलंकाई एक्सपर्ट के मुताबिक चीन ने यह कदम उत्तरी क्षेत्र के मछुआरों को भारत के खिलाफ भड़काने के लिए उठाया है। चीन ऐसा इसलिए भी कर रहा है, क्योंकि उत्तरी और पूर्वी श्रीलंका में भारत के कई प्रोजेक्ट्स हैं, जो रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। चीन इन क्षेत्रों के स्थानीय लोगों में भारत के खिलाफ फूट डालने की पूरी कोशिश कर रहा है। इस घटनाक्रम के बीच मछुआरा संघ ने मीटिंग की है।

# डिजिटल मीडिया के दौर में बढ़ी पत्रकारिता की चुनौतियां

## -एचजेयू की ओर से मीडिया साक्षरता पर आयोजित की गई कार्यशाला



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वजविद्यालय (एचजेयू) की ओर से शनिवार को मीडिया साक्षरता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजस्था न इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य वक्ताज वरिष्ठय टीवी पत्रकार प्रतीक त्रिवेदी थे। कार्यक्रम की अध्याक्षता विश्वयविद्यालय की कुलपति प्रो. सुधि राजीव ने की।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रतीक त्रिवेदी ने कहा कि बाजार की बाध्यतता हर तरह के मीडिया पर लागू है और टीआरपी के लिए टीवी की खबरें बाजार से प्रभावित होती हैं। टीवी पिछले 25-30 साल से बदल रहा है और अब बदलाव के दौर में टीवी मोबाइल पर देखा जा रहा है। डिजिटल मीडिया के दौर में हर व्याक्ति पत्रकार है, लेकिन यह संभव नहीं है कि हर व्यजक्ति पत्रकार के रूप में अपनी भूमिका निभा सके। बिना जांच-पड़ताल के खबरों को लोगों तक लेकर जाना खतरनाक है। त्रिवेदी ने कहा कि डिजिटल मीडिया के दौर में कोई भी खबर वायरल हो सकती है, ऐसे में तथ्योंा की जांच किए बिना उनको लोगों तक जाने से रोकना चुनौतीपूर्ण है।

उन्होंने डिजिटल मीडिया के प्रभाव की चर्चा करते हुए कहा कि लोगों ने खबरें टीवी पर

**शैक्षणिक परिसर I Academic Campus**

देखना कम कर दिया है। मोबाइल ने यह चुनौती खड़ी की है। मोबाइल पर कौनसा डिजिटल कंटेंट वायरल होगा, यह तय करना चुनौतीपूर्ण है।

इस अवसर पर अपने अध्याक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. सुधि राजीव ने कहा कि भावी पत्रकारों की यह जिम्मेयदारी है कि यथास्थिति पर प्रश्न. उठाएं और पूर्वाग्रह के साथ होने वाली पत्रकारिता पर सवाल खड़े करें। प्रो. सुधि ने कहा कि हम पोस्टठ ट्रुथ के जमाने में हैं, जहां पर सच को सामने लाना पहले से ज्या दा चुनौतीपूर्ण है। मीडिया साक्षरता की हमारी मुहिम का यही उद्देश्य है कि सच्चीह और पारदर्शी खबरें लोगों तक पहुंचें। मीडिया जिम्मोदार बने और मीडिया का उपयोग भी जिम्मे दारी के साथ हो।

वरिष्ठ पत्रकार राजेश प्रियदर्शी ने 'रिपोर्टिंग में फेक्टे चेकिंग का महत्वा' विषय पर बोलते हुए कहा कि बाजार के अपने नियम हैं और मीडिया का बिजनेस विश्वंसनीयता पर टिका है। भरोसा खोना आसान है, लेकिन हासिल करना मुश्किल होता है। किसी विषय पर राय कुछ भी हो सकती है, लेकिन तथ्यह सबसे महत्वूहपर्ण होता है। उन्हींने फेक्टप चेक में उपयोग होने वाले प्रमुख टूल्सह की जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा की। दूसरे सत्र में गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थल विश्वनविद्यालय, नई दिल्लीन की प्रो. तनु डांग ने डिजिटल मीडिया के दौर में फेक्टं चेक की आवश्यलकता पर विस्तारि से जानकारी दी। कार्यक्रम की संयोजक गरिमा ने भी मीडिया साक्षरता पर चर्चा की। धन्यपवाद ज्ञापन विश्वकविद्यालय के कुलसचिव बी.एल. मेहरड़ा ने किया। इस अवसर पर विश्वकविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और विभिन्न विश्वरविद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# अवैध खनन के खिलाफ खान विभाग की आकस्मिक बड़ी कार्रवाई



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। खान विभाग द्वारा अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ नागौर में एक साथ अलग अलग स्थानों पर अब तक की सबसे बड़ी और ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अवैध खननकर्ताओं पर 70 करोड़ 37 लाख का जुर्माना लगाने के साथ ही संबंधित थानों में 3 एफआईआर दर्ज कराई है। विभाग को गोपनीय तरीके से प्राप्त सूचना के आधार पर निदेशक खान दीपक तंवर ने मुख्यालय उदयपुर से गोपनीय तरीके से अधिकारियों की अलग अलग टीम गठित कर संबंधित स्थानों पर एक साथ कार्रवाई के लिए भेजी। खासबात यह कि टीम के सदस्यों को भी कार्रवाई स्थल की पूर्व में जानकारी नहीं दी गई और इसका परिणाम यह रहा कि अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई संभव हो पाई।

गौरतलब है कि राज्य सरकार अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सख्तकार्रवाई की पक्षधर रही है और फील्ड अधिकारियों को अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाते रहे हैं।

विभाग द्वारा बनाई गई विशेष टीम द्वारा पूर्ण गोपनीयता बरतते हुये नागौर जिले में अवैध खनन के विरूद्ध आकस्मिक कार्यवाई करते हुए राम केमिकल्स के लाईमस्टोन के खनन पट्टा संख्या 67/2001 की जांच करने पर लीज क्षेत्र के अन्दर क्रैशर मिला जिसके द्वारा रवन्नाओं के दुरूपयोग कर लगभग 3,32,177 टन खनिज का निर्गमन पाया जाने पर 48 करोड 16 लाख की शास्ती आरोपित की गई। इसी प्रकार भावण्डा के समीप एक अवैध खनन पिट में लगभग 19 हजार 900 टन खनिज चूना पत्थर का अवैध खनन कर निर्गमित किया हुआ पाया गया। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि यह अवैध खनन राम किशोर दातोड द्वारा करवाया जा रहा है एवं यह अवैध पिट उनके मकान के सम्मुख ही लगभग 5 से 15 मीटर की दूरी पर पाया गया। विशेष जांच दल द्वारा अवैध खनन का पंचनामा बनाया जाकर रू. 14.48 करोड की शास्ती लगाई गई। अवैध खननकर्त्ता रामकिशोर दोतड एवं खातेदार रामजीवन के विरूद्ध भावण्डा पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 30/2025 दर्ज करवाई गई।

खान विभाग के एक अन्य दल द्वारा गंगवाना क्षेत्र में एक चूने के भट्टा शिवम लाईम प्रोडक्ट प्रो. सुमेर सिंह उदावत के भट्टा क्षेत्र में लगभग 550 टन खनिज लाईमस्टोन मिलने पर रेकार्ड मांगने पर खनिज स्वयं के खनन पट्टा संख्या 31/2002 एवं एक अन्य खनन पट्टा 30/2002 से खनिज प्राप्त किया जाना बतलाया गया जिस पर जांच दल द्वारा उक्त दोनों खनन पट्टों का निरीक्षण करने पर खनन पट्टा संख्या 31/2002 में लगभग 16,632 टन खनन पट्टा क्षेत्र से बाहर अवैध खनन किया जाना प्रमाणित होने पर अवैध खनन की शास्ती राशि रू. 2.41 करोड आरोपित की गई एवं अन्य खनन पट्टा संख्या 30/2002 में भी अवैध खनन लगभग 24,884 टन अवैध खनन लीज क्षेत्र के बाहर पाया जाने पर शास्ती राशि रू. 3 करोड़ 61 लाख रु. आरोपित की गई। जांच दल द्वारा संबंधित थाने में अवैध खननकर्त्ता सुमेर सिंह एवं ललित ब्यास के विरूद्ध नामजद दो एफआईआर संबधित पुलिस थाने में दर्ज करवाई जा रही है।

एक अन्य कार्रवाई में जांच दल द्वारा टाडावास में मैसर्स धीरज केमिकल स्टोन में अवैध खनिज चुनाई पत्थर लगभग 3,120 टन पाया जाने पर 11 लाख 12 हजार रु. की शास्ती आरोपित की गई एवं इनके द्वारा खनिज तरूणू स्थित खनन पट्टा संख्या 15/2004 से लाना दर्शाने पर खनन पट्टे के निरीक्षण में 42613 टन रवन्नाओं का दुरूपयोग पाया जाने पर 1करोड 49 लाख की शास्ती आरोपित की गई एवं इसके समीप स्थित अन्य खनन पअ्टा 16/2004 में लगभग 1092 टन रवन्नाओं का दुरूपयोग पाया जाने पर रू. 4 लाख 02 लाख की शास्ती आरोपित की गई। राज्य सरकार द्वारा अधिकारियों को अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# बुर्हानुद्दीन बाबा का 4 दिवसीय वार्षिक मेला 17 अप्रैल से



मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत ताला की ऊंची डूँगरी पर विराजमान हिन्द मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत बुर्रहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलेह का 4 दिवसीय वार्षिक मेला 17 अप्रैल गुरुवार को झंडे की रस्म के साथ मे विधिवत शुरू होगा जो कि 20 अप्रैल रविवार को विधिवत सम्पन होगा।

ग्राम पंचायत ताला के सरपंच व खादिम आमिर खान शेख ने बताया कि दरगाह कमेटी की बैठक हुई जिसमें सर्व सम्मति से ये निर्णय लिया गया है कि इस बार मेले में लगने वाली दुकानों का पुरानी परंपरा के अनुसार ही शुल्क लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि हजरत बुर्रहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलेह ताला में आने से पूर्व अमरसर के इलाके में रहते थे। वहा के शंकर लाल जांगिड़ ने बताया था कि वर्षों पूर्व नायन अमरसर के रेतीले टीलों में सुनसान बियाबान जंगल में बाबा ने अकेले बैठ कर के कठोर तपस्याए की थी उन्होंने इस तपस्या के बल पर अपने खुदा को राजी किया था यहां आस - पास में रहने खाने और पीने की कोई व्यवस्था नहीं थी बाबा का निजाम यह था कि खुदा की ईबादत बड़े ही तल्लीनता से करते थे और जो भी खुदा से दुआएं करते थे वो पूरी हो जाती थी जिसके परिणाम स्वरूप उनके पास अपने आप ही खाना आ जाया करता था धीरे-धीरे बाबा की करामातें अन्य लोगों तक पहुंची इसके बाद कुछ लोग आना शुरू हो गए जब उन लोगों को लाभ पहुंचा तो उन लोगों ने गांव में बताए इस पर गांव के लोग भी वहां आए और चमत्कार देखे उसके बाद इनके चमत्कार की कहानी घर घर तक पहुंची।

# राजस्व अर्जन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग की पहल



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग द्वारा राजस्व अर्जन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जयपुर जिले के कॉलोनाइजर्स, बिल्डरों एवं डवलपर्स के बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य सरकार को प्राप्त होने वाली पंजीयन आय बकाया वसूली एवं ऑन साइट पंजीयन के माध्यम से राजस्व आय में वृद्धि किये जाने पर चर्चा की गई।

उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं कलक्टर मुद्रांक जयपुर प्रथम डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार तथा पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के आदेशों की पालना में जिले के कॉलोनाइजर्स, बिल्डरों, एवं डवलपर्स की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें जयपुर जिले के प्रमुख कॉलोनाइजर्स, बिल्डरों एवं डवलपर्स तथा उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हुये।

बैठक में डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने अपंजीकृत एवं अमुद्रांकित इकरारनामों के ड्यूली स्टाम्प की प्रकिया एवं एमनेस्टी स्कीम 2025 की जानकारी दी। साथ ही, बिल्डर्स से उनकी समस्याओं और सुझावों को भी संकलित कर शीघ्र ही समाधान का आश्वासन भी दिया।

बैठक में राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा के अनुसार किसी संस्थान द्वारा 20 से अधिक दस्तावेज पंजीयन करवाने पर ऑनं साईट दस्तावेजों का पंजीयन करने ऑन साईट पंजीयन केम्प आयोजित करवा कर आम जनता को सुविधा प्रदान करनें के उद्देश्य से प्रोत्साहित करने हेतु निवेदन किया। इसी कम में अचल सम्पति के अपंजीकृत इकरारनामों के दस्तावेजो को मुद्रांकित (डयूली स्टाम्प) करवाने हेतु पक्षकार को जागरूक करने हेतु भी निवेदन किया गया। ताकि राज्य सरकार को राजस्व आय प्राप्त हो सके।

बैठक में जयपुर जिले के सभी उप पंजीयकों ने षिरकत की। उप पंजीयक बस्सी गंभीर सिंह ने ऑटोम्यटेशन की समस्या से अवगंत कराया जिससे एन.आई. सी. को लिख कर समाधान का आश्वासन दिया गया। उप पंजीयक सांभर ने उनके कैम्पस एवं संसाधन उपलब्ध नहीं होने की समस्या से अवगत कराया।

बैठक मेंएमनेस्टी स्कीम के तहत बकाया वसूली के प्रकरणों में ब्याज एवं शास्ति की छूट के साथ-साथ गृह निर्माण सहकारी समितियों के बकाया मुद्रांक प्रकरणों में बकाया वसूली जमा कराने में सहयोग करने के संबंध में चर्चा की गई। विशेष रूप से बड़े प्रकरणों में जिनमें काफी मात्रा में मुद्रांक कर की राशि बकाया है। इस हेतु सहयोग प्रदान करने हेतु कहा गया। इस संबंध बिल्डरों एवं डवलपर्स द्वारा पंजीयन प्रकिया के सुधार के संबंध में अपने सुझाव दिये। बैठक में सभी बिल्डरों एवं डवलपर्स द्वारा राज्य सरकार को राजस्व आय वृद्धि एवं बकाया वसूली के बड़े प्रकरणों में वसूली करने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया गया।

बैठक में क्रेडाई के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सुझाव दिया कि जयपुर शहर में कलेक्ट्रेट परिसर एवं माधोसिंह सर्किल में स्थित उप पंजीयक कार्यालयों में पंजीयन कराने वाले पक्षकारो की भीड़ रहती है जिसके कारण पक्षकारों को खड़े रहने का स्थान नहीं रहता है इस कारण उप पंजीयक कार्यालयों की संख्या बढ़ाई जायें। वहीं, बैठक में महाराष्ट्र राज्य की तर्ज पर मुद्रांक कर एवं पंजीयन शुल्क में छूट देने का सुझाव भी प्राप्त हुआ। बैठक में मौजूद हितधारकों ने कहा कि हमें खुशी है कि हमें 30 वर्षों में पहली बार किसी अधिकारी ने बैठक में सुझाव हेतु बुलाया इसके लिए पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग धन्यवाद का पात्र है।

इसके साथ ही जयपुर जिले में कार्यरत मुद्रांक विक्रेताओं की भी मीटिंग ली गई। जिसें महेश झालानी अध्यक्ष मुद्रांक विक्रेता एसोसियान ने उपस्थित होकर निवेदन किया कि मोबाइल एप में आने वाली समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जावें। भौतिक स्टाम्प विक्रय की सीमा 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये किया जावे। इलैक्ट्रोनिक रूप से संधारित होने से भौतिक संधारण को समाप्त किया जावें। भौतिक स्टाम्प रजिस्टर संधारण में वरिष्ठ नागरिक की उम्र सीमा 75 वर्ष से घटाकर 60 वर्ष किया जावें।

# प्रधान मंजू शर्मा ने सादगी से अपना जन्मदिन मनाकर शानदार पहल की



मनोहरपुर(रॉयल पत्रिका)। कुछ लोग अपने जन्मदिन पर दिखावा करने के लिए मॉर्डन बनकर दिखावा करते हैं और बोलेरों पर केक काटकर अनावश्यक खर्च करते हैं।

इसके विपरीत कुछ लोग सादगी से अपना जन्मदिन मनाते हैं ये विद्यालय में जाकर अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के उपहार देकर अपना जन्मदिन मनाते हैं या फिर अस्पताल में मरीजों को फ़ल वितरण कर अपना जन्मदिन मनाते हैं।

हम बात कर रहे हैं सादगी से अपना जन्मदिन मनाने वाले कर्तव्य निस्ट परिश्रमि ईमानदार दिलदार खूबसूरत प्रधान मंजू शर्मा जी की, इनका जन्मदिन 20 मार्च को आता हैं।

मंजू दिल की बहुत बड़ी अमीर हैं इनमे घमंड नहीं हैं इनका दिल आसमान से बड़ा और समुंदर से भी गहरा है।

इस दिन मंजू सुबह उठते ही अपने चाहने की दुआ लेती हैं, मन्दिर में जाकर अपने इष्ट देवताओं का आशीर्वाद लेती हैं इसके बाद में गायों को रंजका, कबूतरों को ज्वार, प्यासों के लिए पानी का इंतेजाम करते हैं और पुण्य का कार्यक्रम शाम तक चलता हैं।

व्हाट्सअप इंस्टाग्राम फेसबुक फोन आदि पर पूरे दिन मंजू के लिए गाने बज रहे थे। "बार बार ये दिन आए, बार बार ये दिल गाए, तू जिये हजारों साल, साल के दिन हो 50 हजार, हैप्पी बर्थडे टू यु मंजू शर्मा उल्लेखनीय हैं कि मंजू ने चिकित्सालय में हर वर्ष की भांति आज भी सेव और केले वितरण किए।

मंजू दिल की बहुत बड़ी अमीर हैं इनमे घमंड नहीं हैं इनकी चौखट पर जो भी जरूरत मंद आता है उसकी जरूरत को अभिलंब पूर्ण कर दिया जाता है। इसीलिए ये सभी के दिलों पर राज करती हैं।

मंजू ने बताया कि मेरे जन्मदिन पर सोशल मीडिया और व्यक्तिगत बधाई देने वाले सभी साथियों को बहुत बहुत धन्यवाद और मैं यह संदेश देना चाहती हूं कि वर्तमान में लोग दिखावे के चक्कर मे हजारों रुपए खर्च करके जन्मदिन के उपलक्ष में पार्टी और बोलेरो के ऊपर केक काटने की प्रथा समाज में बढ़ती जा रही है। इससे युवाओं के ऊपर बुरा असर पड़ता जा रहा है। यदि आपको जन्मदिन ही मनाना है तो अच्छा नेक कार्य करके या किसी जरूरतमंद की मदद करके अपना जन्मदिन सेलिब्रेट करें। उससे समाज मे अच्छाई का संदेश जाता है और दिल को भी सुकून मिलता है।

# सांसद मंजू शर्मा एवं जिला कलक्टर ने स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रगतिरत परियोजनाओं का किया निरीक्षण



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर सांसद मंजू शर्मा एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शनिवार को जयपुर के परकोटा क्षेत्र में जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा जारी विकास कार्यों एवं परियोजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौगान स्टेडियम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय, किशनपोल में जारी विकास कार्यों का जायजा लिया।

इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को विरासत को सहेजते हुए विकास कार्य करवाने, निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने, चौगान स्टेडियम में जारी निमार्ण कार्य 20 अप्रैल तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने क्रिड़ा परिषद के अधिकारियों को आमजन एवं खिलाड़ियों की सुविधाओं के लिए फुटबॉल मैदान के आसपास सिंथेटिक जॉगिंग ट्रेक निमार्ण करने, बास्केटबॉल कोर्ट के बेहतर रखरखाव एवं एसएमएस स्टेडियम की तर्ज पर पीपीपी मोड के माध्यम से संचालन करने के साथ-साथ स्वीमिंग पूल में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित करवाने के निर्देश दिये। वहीं, जिला कलक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को स्टेडियम के बाहर बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था एवं वॉल पेंटिंग सौंदर्यीकरण के कार्य करने, लेंडस्केप गार्डन विकसित करने के निर्देश दिये।

इसके पश्चात सांसद मंजू शर्मा एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय, किशनपोल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने गणगौर अस्पताल के पास निर्माणाधीन नवीन अस्पताल परिसर के स्वागत परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भंवरलाल शर्मा जी की प्रतिमा को गरिमामय रूप से स्थापित करवाने, आपातकालीन ब्लॉक में प्रवेश एवं निकास के लिए पर्याप्त स्थान सुनिश्चित करने, पोर्च एवं मुख्य द्वारा को जयपुर की सांस्कृतिक विरासत की थीम पर तैयार करने एवं सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने किशनपोल राजकीय कन्या महाविद्यालय में जारी निमार्ण कार्य आगामी 20 अप्रैल तक गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने, महाविद्यालय परिसर के आस-पास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था माकूल रखने एवं सौंदर्यीकरण करवाने के साथ-साथ दरबार स्कूल के पास हेरिटेज परकोटा दीवार के जीर्णोद्धार का कार्य करवाने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम जयपुर हैरिटेज के आयुक्त एवं जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण कुमार हसीजा, अतिरिक्त आयुक्त सुरेन्द्र कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड सहित जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, नगर निगम हैरिटेज, क्रिड़ा परिषद सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कल्चरल डायरीज में सजी ताल वाद्य कचहरी....



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। शनिवार को जयपुर के ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल पर 'ताल वाद्य कचहरी' नामक संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध ताल वाद्य कलाकार मुज़फ़्फ़र रहमान एवं उनके साथियों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। गौरतलब है कि पर्यटन विभाग की ओर से राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक कलाओं को संरक्षित और प्रचारित करने के उद्देश्य से 'कल्चरल डायरीज' श्रृंखला की शुरुआत की गई है। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के मार्गदर्शन में शुरू की गई इस पहल के अंतर्गत विभिन्न कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ताल वाद्य कचहरी का आयोजन किया गया।

ताल वाद्य कचहरी भारतीय शास्त्रीय और लोक संगीत की एक अनूठी परंपरा है, जिसमें विभिन्न प्रकार के ताल वाद्ययंत्रों का सामूहिक वादन किया जाता है। यह प्रस्तुति शास्त्रीय, लोक और भक्ति संगीत के कार्यक्रमों में देखने को मिलती है।

मुज्जफर रहमान की इस ताल वाद्य कचहरी में नगाड़ा, हारमोनियम,सारंगी, ढोलक, पखावज, सितार व खडताल जैसे वाद्य यंत्रों की कचहरी सजाई गई। गौरतलब है कि 'कल्चरल डायरीज' के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम ने दर्शकों को भारतीय संगीत की समृद्ध परंपरा से जोड़ा और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की महत्ता को पुनः जीवित किया। विशुद्ध भारतीय शास्त्रीय संगीत से जुड़ी इस यह ताल वाद्य कचहरी दर्शकों को काफी रास आई, मंत्रमुग्ध कर देने वाली वाद्य यंत्रों की इस जुगलबंदी के बाद गायन की स्वरलहरियों के बीच दर्शकों ने कलाकारों को भरपूर दाद दी।

इस अवसर पर पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक पवन जैन, संयुक्त निदेशक डॉ. पुनीता सिंह, उप निदेशक सुमिता मीणा, सहायक निदेशक हिमांशु मेहरा व पर्यटक अधिकारी अनिता प्रभाकर सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# दहेज के लिए प्रताड़ित कर बच्चे सहित घर से बेदखल करने का मामला

जयपुर। एक विवाहिता को लम्बे समय तक दहेज के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर बच्चे सहित घर/ससुराल से बेदखल करने से जुड़े प्रकरण में न्यायालय विशिष्ट न्यायाधीश (साम्प्रदायिक दंगा), महानगर द्वितीय उपासना कांवट ने महिला थाना पश्चिम को अभियुक्तगण के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर अनुसंधान करने के आदेश दिए हैं। इस संबंध में चन्दा नगर, मुरलीपुरा निवासी विवाहिता ने अदालत में जीवनदीप कॉलोनी, रोड़ नम्बर-14, वीकेआई-जयपुर निवासी पति विक्रम सिंह तंवर, ससुर नन्द सिंह तंवर एवं सास के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा-84, 85, 316(2), 115(2) एवं 126(2) के अन्तर्गत यह इस्तगासा पेश किया था। अधिवक्ता मोहम्मद आबिद खान एवं अंजलि वशिष्ठ ने परिवादिया की ओर से पैरवी करते हुए कोर्ट को बताया कि दोनों का 27 मई, 2010 को गीजगढ़, दौसा में हिन्द रीति-रिवाजों के साथ विवाह हुआ था। पीड़िता का आरोप है कि शादी के एक-दो महीने पश्चात ही कम दहेज को लेकर उसके साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार करना प्रारम्भ कर दिया गया। उसके साथ जानवरों जैसा व्यवहार किया जाता। मारपीट भी हुई। एडवोकेट मोहम्मद आबिद खान और अंजलि वशिष्ठ का यह भी कहना था कि 2013 में पीडिता ने एक बच्चे को जन्म दिया, लेकिन व्यवहार में ससुरालवालों में कोई बदलाव नहीं हुआ। आखिर दहेज के खातिर 2021 में पीडिता को बच्चे सहित घर से बेदखल कर दिया गया। पीहर में रहने के दौरान भी परिवादिया को फोन पर धमकी देकर मानसिक प्रताड़नाएं दी गई। 17 जनवरी को थानाधिकारी और पुलिस उपायुक्त पश्चिम को शिकायत देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिस पर कोर्ट के समक्ष परिवाद पेश करना लाजमी हुआ

# खो नागोरियान में रोजा इफ्तार, सैकड़ों रोजेदारों ने की शिरकत



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। रमजान के पाक महीने में शनिवार को करीम नगर, खो नागोरियान में एक भव्य रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन राजू भाई, सलमान कुरैशी, सैफ अली कुरैशी, सलमान लुहार, इमरान खान, नदीम कुरैशी और रज्जाक भाई द्वारा किया गया। इफ्तार के दौरान रोजेदारों के लिए विशेष पकवानों की व्यवस्था की गई, जिससे सभी ने मिलकर रोजा खोला। इस अवसर पर सामूहिक दुआ की गई और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया गया। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे एक सराहनीय पहल बताया, जो समाज में एकता और प्रेम को बढ़ावा देती है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक



झुंझुनूं , (रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष एम. वेंकटेशन शनिवार को झुंझुनूं दौरे पर आए। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधि, सफाई कर्मचारी ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों और जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें सफाई कर्मचारियों के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। आयोग अध्यक्ष वेंकटेशन के समक्ष यूनियन के प्रतिनिधि कैलाश किशन लाहौरा, विजेंद्र और संतोष ने ठेका प्रथा, वेतन विसंगति आदि के बारे में जानकारी दी। जिस पर एम वेंकटेशन ने कहा कि वे वेतन बढ़ाने के संबंध में राज्य सरकार को निर्देश देंगे। महिला सफाई कर्मचारियों से संवाद के दौरान उन्हें पीएफ और ईएसआई के बारे में सही तरीके से जानकारी नहीं होने पर उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित विभागों एवं प्रशासन द्वारा सफाई कर्मचारियों को इसके महत्व के बारे में जानकारी दी जाए। उन्होंने ग्रुप इंश्योंरेंस के बारे में भी जागरुक करने की बात कही। उन्होंने जिला प्रशासन को सफाईकर्मियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के भी निर्देश दिए। वेंकटेशन ने सफाई कर्मचारियों की भर्ती के बारे में भी राज्य सरकार को निर्देशित करने की बात कही। बैठक में राजकीय बीडीके अस्पताल के सफाई कर्मचारियों को संबंधित एनजीओ द्वारा समय पर वेतन नहीं देने की शिकायत आने पर आयोग अध्यक्ष ने पीएमओ डॉ राजवीर को एनजीओ को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश भी दिए।

इससे पहले बापू बस्ती में अपने दौरे के दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों और वाल्मिकी समाज के लोगों से संवाद कर उनकी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने यहां पेयजल आपूर्ति, भूमि आवंटन आदि मुद्दों पर जिला कलक्टर रामावतार मीणा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एडीएम अजय कुमार आर्य ने पीपीटी के जरिए कार्ययोजना पर प्रकाश डाला, वहीं नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया ने विभिन्न जानकारी दी। बैठक में जिला परिषद सीईओ रणजीत गोदारा, एएसपी फूलचंद मीणा, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र पंवार मुकुंदगढ़, आनंद पंवार मुकुंदगढ, रमेश ढेंडवाल पिलानी, पूर्व पार्षद बबलू सरवान, बसंत वाल्मिकी, महेंद्र चंदेलिया पिलानी, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, पीएमओ डॉ राजवीर, सीडीईओ अनुसुईया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, सांख्यिकी विभाग की सहायक निदेशक पूनम कटेवा, पीआरओ हिमांशु सिंह, रोडवेज के मुख्य प्रबंधक गणेश शर्मा समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# खाद्य एवं पोषण सुरक्षा जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजित

## -लगभग 110 पुरूष एवं महिला किसानों ने लिया भाग



पाली, (रॉयल पत्रिका)। खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को कृषि विज्ञान केन्द्र (काजरी) पाली में आयोजित किया गया जिसमें लगभग 110 पुरूष एवं महिला किसानों ने भाग लिया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला कलक्टर पाली एल. एन. मंत्री ने किसानो का आहवान किया कि वे अपने खेत में स्वंय के उपयोग के लिए बाजरा/ज्वार फसल का उत्पादन अवश्य लेवे तथा दैनिक जीवन में भोजन / अन्य व्यंजन के रूप में इसका उपयोग जरूर करें।

कार्यशाला में संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) प्रदीप कुमार छाजेड़ ने कृषि विभाग में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-पोषक अनाज के तहत चल रहे विभिन्न योजनाओं यथा बाजरा एवं ज्वार फसल प्रदर्शन एवं प्रमाणित बीज के बारे में जानकारी दी।

कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र काजरी पाली के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार गुर्जर ने केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के बारे में जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ डॉ. ऐश्वर्य डूडी ने पीपीटी के माध्यम से अन्न के बारे में जानकारी दी। सहायक निदेशक कृषि मुख्यालय फूलाराम ने पीपीटी के माध्यम से फार्म रजिस्ट्री की जानकारी दी।

सहायक निदेशक कृषि (वि.) पाली अशोक राजपुरोहित ने मंच संचालन करते हुए प्रशोनत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विजेतो दस कृषकों का पुरस्कार दिये गये।

कार्यशाला में उप निदेशक उद्यान डॉ. मनोज अग्रवाल, उपनिदेशक कृषि (शस्य) एटीसी सुमेरपुर कैलाश चन्द, सहायक निदेशक कृषि शंकरलाल सोलंकी एवं अन्य कृषि अधिकारी, सहायक कृषि अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने किया एनआईसी के नवीनीकृत कार्यालय का उद्घाटन किया



झुंझुनू (रॉयल पत्रिका)। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में एनआईसी यानि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के नवीनीकृत कार्यालय का फीता काटकर उद्‌घाटन किया। जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी कमलेश सैनी ने बताया कि कार्यालय का आधुनिक सुविधाओं युक्त नवीनीकरण करवाया गया है। इस मौके पर झुंझुनूं एसडीएम हवाई सिंह यादव, एडीआईओ पूनम महला, जितेंद्र लांबा समेत विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# विश्व जल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया



मकराना (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत शहर के माताभर में स्थित अंजुमन जामिया स्कूल में विश्व जल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैप रुडीप के बी. एल. गोठवाल ने बताया कि विश्व जल दिवस 2025 का विषय 'ग्लेशियर संरक्षण' है। ग्लेशियर जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं। उनका पिघला हुआ पानी पेयजल, कृषि, उद्योग, स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक है। भविष्य के लिए जमे हुए जल संसाधनों का संरक्षण तेजी से पिघलते ग्लेशियरों के कारण जल प्रवाह में अनिश्चितता उत्पन्न हो रही है, जिसका लोगों और ग्रह पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक कटौती तथा सिकुड़ते ग्लेशियरों के अनुकूलन के लिए स्थानीय रणनीतियां आवश्यक हैं। इस विश्व जल दिवस पर हमें जलवायु परिवर्तन और वैश्विक जल संकट से निपटने के लिए ग्लेशियर संरक्षण को अपनी योजनाओं के केंद्र में रखने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। इस दौर जल संरक्षण पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# जैविभा विश्वविद्यालय में कवि सम्मेलन में कवियों ने हंसाया




लाडनूं (रॉयल पत्रिका)। विश्व कविता दिवस के अवसर जैन विश्वभारती संस्थान विश्वविद्यालय में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ की अध्यक्षता में यहां सेमिनार हॉल में हुए इस कवि सम्मेलन में हास्य रस और वीर रस के प्रख्यात कवियों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर लोगों को खूब हंसाया और राष्ट्र प्रेम की ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। पूरा हॉल बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट और वाह-वाही से गूंज उठा। सम्मेलन में कवि महेश दुबे ने 'दूध को दूध कह दूं, पानी को पानी कह दूं; जरा तो साथ दो दुनिया की हकीकत कह दूं' सुना कर खूब वाहवाही लूटी। उनकी हास्य कविता 'यह ट्रक का सामान है, रिक्शे में हरगिज आ नहीं सकता' सुनाई तो सभी लोटपोट हो गए। वीर रस के कवि डा. योगेन्द्र शर्मा ने अपनी कुछ कविताओं के साथ महत्वपूर्ण रचना परमवीर चक्र विजेता शहीद मनोज पांडे की बॉडी घर आने पर उसके पिकता व माता की भावनाओं का चित्रण करके अनेक दर्शकों की आंखों को नम कर दिया। सम्मेलन के संयोजक राजेश चेतन ने राजनीति, आतंकवाद, देशभक्ति आदि पर दिल को छू लेने वाली कविताएं प्रस्तुत की। उन्होंने अपने हास्य अंदाज में कहा, 'बात-बात में बात बनाना उनके बस की बात नहं है, घर के लोगों को समझाना उनके बस की बात नहीं है।' इसी के साथ उन्होंने राजनेताओं पर भी गहरे कटाक्ष किए। अपनी कविता में वे आगे कहते हैं, 'राहुल बाबा चुपके-चुपके बैंगकॉक पर घूम आए, पर दुल्हन के घर तक जाना उनके बस की बात नहीं है।' कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रो. नरेश दाधीच ने संत बुल्लेशाह से सम्बंधित रचना प्रस्तुत करते हुए बताया कि पाकिस्तान में आ चुके लाहौर और कसार शहर भगवान राम के पुत्रों लव ओर कुश के बसाए हुए हैं, यहीं पर बुल्लेशाह की मजार है। उन्होंने अपनी रचना में कहा, 'खड़े रहें चुपचाप जो राहें, दर्द सभी का जो सहते हैं। उनको यारों क्या कहते हैं, उनको बुल्लेशाह कहते हैं। 'सुनाकर सबकी प्रशंसा प्राप्त की। सम्मेलन में सभी कवियों का कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ ने सम्मान किया। कवि सम्मेलन में विश्वविद्यालय का समस्त शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ मौजूद रहा।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों में 29 शोध पत्र प्रस्तुत




लाडनूं (रॉयल पत्रिका)। भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के प्रायोजकत्व में जैन विश्वभारती संस्थान के अहिंसा एवं शांति विभाग के तत्वावधान में यहां सेमिनार हॉल में 'शाश्वत शांति प्राप्त करने और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने के लिए दार्शनिक साधन' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. सुषमा सिंघवी जयपुर ने कहा कि शांति पहले भीतर महसूस होनी चाहिए, तभी बाहर भी महसूस होने लगेगी। अपने अंदर शांति की वेव्स होगी तो वो बाहर की शांति को कैच कर सकेगी, तभी उसका प्रभाव पड़ेगा। व्यक्ति से प्रारम्भ होकर ही शांति विश्व की तरफ जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इच्छाओं पर नियंत्रण से ही शांति संभव हो सकेगी। विश्व के सारे स्रोत कम होने का भ्रम फैलाया जा रहा है। हम केवल अपनी जरूरतों पर ध्यान दें, संग्रह नहीं करें, तो स्रोतों की न्यूनता नहीं लगेगी। उन्होंने लोभ, लालच नहीं करके संतोष करने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि संग्रह के कंपीटिशन के कारण दमन और शोषण होता है। हमें परस्पर कम्पीटिशन की जगह हमें कोऑपरेशन करना चाहिए। कम्पीटिशन सबकी स्वतंत्रता में बाधक होता है। परिग्रह और आसक्ति कि यह मेरा है, की बजाए हमें यह सबका है की सोच रखनी होगी। प्रो. सिंघवी ने शांति को व्यवहार में लाना जरूरी बताया और कहा कि अहिंसा, अपरिग्रह, अनेकांत से शांति संभव है। शांति, सौहार्द्र, स्नेह अपने अंदर से शुरू करके उसका विस्तार करना चाहिए। उन्होंने विभिन्न संस्कृतियों में परस्पर संवाद की आवश्यकता बताई और विविधताओं में समन्वय पुल बनाने से आएगा, दीवार बनाने से नहीं। उन्होंने शांति को शिक्षा पद्धति में शांमिल करने की जरूरत बताई और कहा कि हर स्तर के पाठ्यक्रम में शांति का अध्याय होना चाहिए। प्रारमभ से लेकर उच्च शिक्षा तक हर कोर्स में शांति को जोड़ें और शांति की समझ पैदा करें।

जहां निर्भीकता होगी, वहां शांति होगी।

मुख्य अतिथि उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय देहरादून के प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री ने छोटी-बड़ी हर हिंसा के दुष्प्रभावों को बताते हुए कहा कि जितने पशु काटे जाते हैं, उतने ही भूकम्प आते हैं। यह अध्ययन किया जा चुका। उन्होंने सतत् शांति के लिए सभी ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों में शांति का समावेश आवश्यक बताया और इसके लिए प्रतिदिन की ईश्वराधना व चिंतन को जरूरी माना। प्रो. शास्त्री ने टुकड़ों में शांति के बजाय समग्र शांति, समग्र कल्याण को महत्व दिया और कहा कि भारतीय जीवन मूल्यों को हृदयंगम करने के लिए अपने को कर्तव्यों पर केन्द्रित करें। 'वसुधेव कुटुम्बकम्' की भावना कर्तव्य-पालन से ही जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि जहां निर्भीकता होगी, अभय होगा, वहां शांति होती है। विश्व शांति के उपायों में उन्होंने दोनों संध्याकाल में ईश्वर का ध्यान, चतुर्दिक भावना, जिसमें मानसिक शांति व चित की निर्मलता, सुखी लोगों के साथ मैत्री, दुःखी, रोगी, महिला, बच्चों के साथ करूणा, मित्रों के साथ मुदिता और सामाजिक आचरण में यम का पालन आदि की आवश्यकताएं प्रतिपादित की। अध्यक्षता करते हुए प्रो. केएन व्यास ने तकनीकी साधनों-सुविधाओं के विकास, वैश्विक समाज और विकसित समाज आदि के बावजूद शांति नहीं रहने में 5 बाधाएं बताई और कहा कि जातिवाद, सम्प्रदावाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद और आतंकवाद के कारण मनुष्य शांत नहीं रह पाता। इन सबके कारण हिंसा होती है। जहां कोई भी स्थिति वाद का रूप ले लेती है, वह घ्गाड़ा-फसाद का कारण बन जाती है।

**तीन श्रेष्ठ शोधपत्र वाचकों को किया पुरस्कृत**

इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में विभिन्न सत्रों में कुल 29 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। विभिन्न उप विषयों पर प्रस्तुत इन शोधपत्रों में से तीन श्रेष्ठ पत्रों का चयन किया जाकर प्रस्तुतकर्ता सहभागियों को इस अवसर पर पुरस्कृत भी किया गया। इनमें जेएनयू के डा. निशांत कुमार, किरण जैन व सुनयना शामिल है, जिन्हें अतिथियों ने प्रशति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम का प्रारमभ मुमुक्षु बहिन के मंगलसंगान से किया गया। डा. रविन्द्र सिंह राठौड़ ने अतिथि परिचय एवं स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। दो दिवसीय संगोष्ठी का प्रतिवेदन कार्यक्रम की संयोजन सचिव डा. लिपि जैन ने किया। अंत में विभागाध्यक्ष डा. बलबीर सिंह ने आभार ज्ञापित किया।

# जिला कलेक्टर बने टीबी मरीजों के लिए निक्षय मित्र



पाली, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री ने स्वयं निक्षय मित्र बनकर टी.बी. मरीजों को पोषाहार के किट वितरित किए। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी पाली एवं नायरा एनर्जी के संयुक्त तत्वाधान में जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत शनिवार को जिला मुख्यालय पर संचालित हो रहे जिला क्षय निवारण केन्द्र (टीबी अस्पताल) पर 25 मरीजों को पौष्टिक पोषाहार किट जिला कलेक्टर द्वारा वितरित किए गए व सभी टी.बी. मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने व टी.बी. मरीजों के साथ भेदभाव न कर जल्द से जल्द नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जॉच व उपचार करवाने के लिए कहा गया। जिन मरीजों द्वारा टी.बी. का ईलाज सफलता पूर्वक पूर्ण कर लिया है उन्हें टी.बी. चैंपियन के रूप में जागरूकता फैलाने के लिए कहा गया है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी को जिला कलेक्टर द्वारा टी.बी. फ्री इण्डिया की शपथ दिलाई गई।

इस मौके पर सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने टी.बी.रोग के लक्षण व उपचार, जॉच तथा निक्षय पोषण योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में भारतीय रेडक्रास सोसायटी पाली तथा नायरा एनर्जी के समस्त पदाधिकारी व भामाशाह कार्यक्रम में उपस्थित थे। अंत में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. उजमा जबीन ने सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया गया।

# विश्व जल दिवस पर स्काउट गाइड ने विभिन्न गतिविधियों में लिया भाग



मकराना (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ मकराना के अंतर्गत पी एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मकराना में विश्व जल दिवस के अवसर पर स्काउट गाइड की एस डी जी से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। गतिविधियों का आरंभ स्काउट प्रार्थना से हुआ, प्रभारी रामदेव पारीक ने बताया कि प्रभारी एवं धन्नाराम जोड़ के द्वारा स्काउट गाइड व रोवर रेंजर को व्यक्तिगत स्वच्छता जल संरक्षण की जानकारी दी गई। स्काउट गाइड को पर्यावरण से संबंधित गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया गया। तत्पश्चात स्काउट गाइड द्वारा पेड़ पौधों की खरपतवार हटाकर पानी पिलाया गया। विद्यालय परिसर की सफाई की गयी, पोलिथीन इकट्ठा कर जलाई गई। आगामी दिवसों में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्काउट गाइड रोवर रेंजर व विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्काउट गाइड का आह्वान किया गया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज में जागरूकता पैदा करें व्यक्तिगत स्वच्छता एवं आस पास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें। नियमित रूप से दांत साफ करें समय पर नाखून काटें। स्काउट एवं गाइड से संबंधित एक खेल खिलाया गया। इस अवसर पर सनोबर, शाहिन, सुरेन्द्र प्रजापत, मोहम्मद वाजिद, हुकम सिंह, नरेश, भुपेंद्र रोवर रेंजर स्काउट गाइड एवं राजस्थान यूथ कमेटी के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# 25 मार्च को जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह में होगा सम्मान

पाली,(रॉयल पत्रिका)। पाली के सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल को मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए राज्य स्तरीय सम्मान समारोह 'आई प्लेज फार 9 अचीवर्स अवॉर्ड' में सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह 25 मार्च 2025 को चिकित्सा एवं परिवार कल्याण संस्थान, झालाना डूंगरी, जयपुर में होगा। इस अवार्ड के माध्यम से उन उत्कृष्ट सेवा प्रदाताओं को सराहा जाता है, जिन्होंने मातृत्व सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान हर माह की 9, 18 और 27 तारीख को चिकित्सा संस्थानों में आयोजित किया जाता है, जिसमें गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। डीपीओ भवानी सिंह ने बताया कि पाली जिले के चिकित्सा संस्थानों में प्रति माह 9, 18, 27 तारीख को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में प्रति माह लगभग ढाई हजार से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि एक गर्भवती महिला के लिए चार बार प्रसवपूर्व जांच अनिवार्य है, जिससे संभावित स्वास्थ्य समस्याओं का समय रहते समाधान किया जा सके।

सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि इस अभियान में सर्वोत्तम कार्य प्रदर्शन के कारण उन्हें यह सम्मान मिलने जा रहा है। यह सम्मान समारोह राज्य में



मातृत्व सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और स्वास्थ्य सेवा के उच्च मानकों का परिचायक है। उन्होंने बताया कि पीएमएसएमए में श्रेष्ठ कार्य करने पर सुमेरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी को भी सम्मानित किया जाएगा।

# उपकर संग्रहण की समीक्षा बैठक आयोजित, बकायादारों पर होगी सख्त कार्रवाई

हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलेक्टर काना राम की अध्यक्षता में उपकर संग्रहण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उप श्रमायुक्त (प्रशासन) संदीप कुमार एवं जिला श्रम कल्याण अधिकारी देवेंद्र मोदी मौजूद रहे। बैठक में जिला श्रम कल्याण अधिकारी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 22 करोड़ रुपए के लक्ष्य के विरुद्ध जिले में अब तक 10.4 करोड़ रुपए की वसूली की जा चुकी है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए इस अवधि में जिले में 400 निर्माणों का सर्वे कर उपकर नोटिस जारी किए गए, साथ ही 145 उपकर निर्धारण आदेश भी जारी किए गए हैं। पूर्व से लंबित 3,226 फाइलों को श्रम मुख्यालय के निर्देशानुसार एकतरफा निर्धारण कर निस्तारित किया जा रहा है।

इसके अलावा, 50 से अधिक ऐसे मामलों में, जहां उपकर निर्धारण आदेश जारी होने के बावजूद भुगतान नहीं हुआ है, उन्हें शत-प्रतिशत पेनल्टी राशि सहित राजस्व शाखा में भेजा जाएगा एवं आवश्यकता पड़ने पर कुर्की की कार्रवाई भी की जाएगी।

**उपकर भुगतान में देरी से बढ़ता है ब्याज भार**

जिला श्रम कल्याण अधिकारी ने बताया कि जनसामान्य में भवन एवं अन्य संनिर्माण मंडल उपकर को लेकर जागरूकता की कमी के कारण कई निर्माणकर्ता समय पर भुगतान नहीं कर पाते हैं। इसके परिणामस्वरूप, निर्माणकर्ताओं को 2 प्रतिशत मासिक ब्याज का अतिरिक्त भार उठाना पड़ता है, जिससे उपकर वसूली में कठिनाई आती है।

जिला कलेक्टर ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि भवन एवं अन्य संनिर्माण उपकर के संबंध में नियमित प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। ताकि अधिक से अधिक लोग समय पर उपकर जमा कर सकें और अनावश्यक ब्याज से बच सकें।

**मुख्यालय ने की कड़ी निगरानी, प्रभारी अधिकारी नियुक्त**

चूंकि जिले में उपकर संग्रहण लक्ष्य से पीछे चल रहा था, मुख्यालय ने इसे गंभीरता से लेते हुए संदीप कुमार को जिला प्रभारी नियुक्त किया। उन्होंने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान श्रम विभाग की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की और जिले में भ्रमण कर विभिन्न नवनिर्मित एवं निर्माणाधीन इकाइयों को चिन्हित किया। इसके बाद, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

**भवन एवं अन्य संनिर्माण मंडल उपकर क्या है?**

भवन एवं अन्य संनिर्माण मंडल उपकर, जिसे आम भाषा में लेबर सेस भी कहा जाता है, एक कर (टैक्स) है जो निर्माण कार्यों से जुड़े श्रमिकों के कल्याण के लिए वसूला जाता है। इसे 1996 के भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार अधिनियम के तहत लागू किया गया था। यह उन सभी निर्माण परियोजनाओं पर लागू होता है, जिनकी लागत 10 लाख रुपए या उससे अधिक हो। उपकर की दर निर्माण लागत की 1 फीसदी निर्धारित की गई है। इस उपकर से प्राप्त राशि को राज्य सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों के कल्याणकारी कार्यों में उपयोग किया जाता है।

# दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने का मामला

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट, मालुपरा-टोक धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने चार्ज आदेश में पुलिस की ओर से आरोपी बनाए गए सास राजकुमारी और ससुर नवल किशोर को उन्मोचित करने के आदेश दिए हैं। एडवोकेट सुलेमान खान ने सास-ससुर की ओर से पैरवी करते हुए अदालत को बताया कि विवाहिता ने 02 अप्रैल, 2022 को महिला थाने में यह एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया था कि 08 दिसंबर, 2016 को न्यू सांगानेर रोड-जयपुर में उसका विवाह हुआ था और उसके बाद दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया गया। अधिवक्ता सुलेमान खान ने कहा कि पुलिस ने बिना विवेक का इस्तेमाल किए मशीनी अंदाज में सास-ससुर को भी आरोपी बनाते हुए बिना आधारों के चालान पेश कर दिया। जबकि उनके विरूद्ध आरोपित अपराधों के आवश्यक घटक जो कि कथित अपराध को साबित करने के लिए आवश्यक होते हैं। इसके अलावा पेश चालान के बाद अदालत ने प्रसंज्ञान ले लिया था। जबकि दोनों सास-ससुर के विरुद्ध पत्रावली पर आरोपित अपराधों के संबंध में पर्याप्त आधार ही नहीं हैं। पुलिस ने प्रताड़नाओं को साबित करने के लिए पत्रावली में लेशमात्र भी साक्ष्य पेश नहीं की हैं। ऐसे में सास राजकुमारी और ससुर नवल किशोर को उन्मोचित/दोषमुक्त घोषित किया जाए।

## अशोक नगर में टीवीएस क्रेडिट का चौपाल कार्यक्रम

### किसानों को मिलेगा मुफ्त स्वास्थ्य जांच और ट्रैक्टर सर्विसिंग

**अशोक नगर।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से पंजीकृत गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) टीवीएस क्रेडिट किसानों के लिए एक विशेष कार्यक्रम चौपाल का आयोजन करने जा रही है। यह कार्यक्रम सेठ एग्रो के सहयोग से 21 मार्च 2025 को धुर्रा गांव में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य किसानों और उनके




परिवारों को स्वास्थ्य और कृषि से जुड़ी सुविधाएं नि :शुल्क प्रदान करना है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गांव के सरपंच श्री दीनू रघुवंशी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में किसानों और ग्रामीणों को कई महत्वपूर्ण सेवाएं मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम में आंखों की नि :शुल्क जांच की सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा, कृषि उपकरणों के सुचारू संचालन के लिए ट्रैक्टर की नि :शुल्क सर्विसिंग की भी व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही, पुराने ट्रैक्टर और कृषि उपकरण खरीदने के इच्छुक किसानों को आसान ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे अपनी खेती को और अधिक उन्नत बना सकें।

## ओटीटी ने ओरिजनल सीरीज 'खदान' को रिलीज किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे प्रमुख डिजिटल एंटरटेन्मेंट प्लैटफ़ॉर्म में शामिल हंगामा ओटीटी ने 19 मार्च 2025 को अपनी ओरिजनल सीरीज 'खदान' को रिलीज किया। इस थ्रिलर की कहानी एक छोटे–से गांव में होने वाले इंवेस्टिगेशन के इर्द–गिर्द घूमती है। इस सीरीज में अली गोनी मुख्य भूमिका में हैं और उनके साथ करणवीर बोहरा और रेबेका आनंद अहम भूमिकाओं में। इस ओरिजनल सीरीज की दिलचस्प कहानी में कुछ बेहद चौंकाने वाले खुलासे होते हैं। इन खुलासों की वजह से ही यह ऐसी रोचक सीरीज बन जाती है जिसमें रहस्य से पर्दा उठने तक यानी आखिर तक दर्शक इसके साथ बने रहना चाहते हैं।

कहानी में खदान वाला एक गांव अपने बुरे और भयावह अतीत की वजह से भुतहा हो चुका है। इंस्पेक्टर वीर प्रताप सिंह इस गांव में आता है, ताकि वह आराम से कुछ वक्त बिता सके, लेकिन यहां आकर वह एक रोंगटे खड़े कर देने वाले इंवेस्टिगेशन में लग जाता है। मामला कुछ यूं होता है कि एक परिवार के सभी लोगों की हत्या हो जाती है और सामने होते हैं कई परेशान करने वाले सवाल। क्या कोई रुष्ट आत्मा अपना बदला लेने के लिए आई है? क्या इस गांव को लगा श्राप फिर से जाग्रत हो गया है? इस इंवेस्टिगेशन के बाद जब सैकड़ों लाशें जमीन के नीचे से निकलती हैं तो सवाल खड़े होते हैं कि इन लाशों के पीछे कौन है और इनकी वजह क्या है? जब वीर इस पर से पर्दा उठाने की कोशिश करता है, तो वह रहस्य और धोखे के जाल तक पहुंचता है। जैसे–जैसे राज खुलते हैं वैसे–वैसे लोगों की कही बातों और सच्चाई के बीच का अंतर मिटता चला जाता है। वीर एक ऐसे सच का पता लगाने निकलता है जो उसकी परीक्षा लेगा और उसकी जिंदगी को हमेशा के लिए बदल देगा।

# एक्सेंचर के रिजल्ट के बाद भारतीय आईटी कंपनियों के शेयर पर दिखा ऐसा असर

भारतीय आईटी शेयरों में वैश्विक आईटी दिग्गज एक्सेंचर द्वारा फरवरी 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही के लिए अपनी आय की रिपोर्ट करने के बाद 3 प्रतिशत तक की गिरावट आई। बीएसई पर इन्फोसिस का शेयर 3.09 प्रतिशत गिरकर 1,564.15 रुपये, टीसीएस का शेयर 2.7 प्रतिशत गिरकर 3,466.60 रुपये और विप्रो का शेयर 2.85 प्रतिशत गिरकर 260.30 रुपये पर आ गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 2.53 प्रतिशत गिरकर 1,521.20 रुपये पर आ गया।



**डबलिन।** आयरलैंड स्थित दुनिया की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी के शेयर न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर गुरुवार को 10 प्रतिशत तक गिर गए। इसके जवाब में अमेरिका में लिस्टेड भारतीय कंपनियों जैसे इंफोसिस और विप्रो के शेयर भी गुरुवार को 4 प्रतिशत तक गिर गए। एक्सेंचर के नतीजे आमतौर पर भारतीय आईटी सेक्टर के लिए एक संकेतक का काम करते हैं। इस तिमाही में, एक्सेंचर के नए बुकिंग्स डॉलर के मुकाबले 3 प्रतिशत कम रहे, जबकि जेनरेटिव एआई क्षेत्र में नए बुकिंग्स 1.4 बिलियन रहे। हालांकि कंपनी ने अपने गाइडेंस के निचले स्तर को बढ़ाया, लेकिन उसके शेयर गिर गए क्योंकि कंपनी ने कहा कि एलन मस्क की लागत कटौती पहल के कारण अमेरिकी सरकार के साथ उसका काम धीमा हो गया है। एक्सेंचर की सीइओ जूली स्वीट ने कहा कि 2024 के वित्तीय वर्ष में फेडरल सेवाएं उसके वैश्विक राजस्व का लगभग 8 प्रतिशत और अमेरिका के राजस्व का 16 प्रतिशत थीं।

**आईटी शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा–** हाल के बाजारी रिकवरी के दौरान आईटी शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा है, क्योंकि अमेरिका (जो इनका मुख्य बाजार है) में मंदी का डर है। निफ्टी आईटी इंडेक्स बीते दिसंबर के अपने चरम से 20 प्रतिशत से अधिक गिरकर बियर मार्केट में आ गया है। हालांकि, गुरुवार को शेयरों में थोड़ी तेजी आई थी, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने 2025 के लिए दो ब्याज दर कटौती की संभावना बनाए रखी।

**भारतीय आईटी कंपनियों के लिए अच्छे नहीं संकेत–** मॉर्गन स्टैनली ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एक्सेंचर का मैक्रो अनिश्चितता और क्लाइंट्स के बजट को लेकर कमेंट्री पिछले साल जैसी ही है, जो भारतीय आईटी कंपनियों के 2026 के रेवेन्यू आउटलुक के लिए अच्छा संकेत नहीं है। हालांकि, एक्सेंचर ने अपने राजस्व विकास गाइडेंस के निचले स्तर को बढ़ाया है और फाइनेंशियल सर्विसेज में सुधार हुआ है, लेकिन मार्जिन विस्तार के लक्ष्य को कम करना और डिस्क्रेशनरी खर्चों में कमी नकारात्मक संकेत हैं। एचएसबीसी का मानना है कि भारतीय आईटी कंपनियों के लिए एक्सेंचर का गाइडेंस न्यूट्रल से थोड़ा पॉजिटिव है, क्योंकि उसने दूसरे हाफ के लिए मांग में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिखाया है।

### इंफोसिस और टीसीएस को लार्जकैप पिक्स

नोमुरा ने इंफोसिस और टीसीएस को लार्जकैप पिक्स में शामिल किया है, जबकि कोफोर्ज को मिडकैप पिक्स में रखा है। एक्सेंचर के शेयर दिन के निचले स्तर से थोड़े ऊपर आकर 7 प्रतिशत नीचे बंद हुए, जबकि इंफोसिस और विप्रो के,छ्रह्य दोनों 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए।

### लार्ज कैप में इंफोसिस पसंदीदा कंपनी

नोमुरा ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एक्सेंचर के नतीजे अमेरिकी फेडरल कॉन्ट्रैक्ट्स और बढ़ती मैक्रो अनिश्चितता को लेकर चेतावनी देते हैं। उनका मानना है कि भारतीय आईटी कंपनियों की ग्रोथ 2025 में निचले स्तर पर पहुंच सकती है। उन्होंने इंफोसिस को लार्जकैप और कोफोर्ज को मिडकैप कंपनियों में पसंदीदा बताया है। जेफरीज का मानना है कि एक्सेंचर की दूसरी तिमाही के रेवेन्यू ग्रोथ अच्छी रही, जिसमें उत्तरी अमेरिका और क्क्रस्ढ्ढ सेगमेंट में मजबूत ग्रोथ देखी गई। हालांकि, कमजोर डील बुकिंग्स और डिस्क्रेशनरी खर्चों पर दबाव नकारात्मक संकेत हैं। एक्सेंचर के संशोधित गाइडेंस से पता चलता है कि वित्तीय वर्ष के दूसरे हाफ में ग्रोथ धीमी रह सकती है, जो 2026 के ग्रोथ अनुमानों के लिए नकारात्मक हो सकता है।

## कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च की छोटी सिप (एसआईपी) - सपनों को साकार करने का छोटा सा तरीका

**मुंबई, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने छोटी सिप सुविधा लॉन्च करने की घोषणा की है। छोटी सिप कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड की सभी पात्र योजनाओं के लिए उपलब्ध होगी। हाल ही में सेबी और एएमएफआई ने छोटी सिप (स्मॉल टिकट एसआईपी) की शुरुआत की, जिससे भारत के और अधिक लोगों को धन सृजन की यात्रा में शामिल होने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा, भारत की कुल आबादी में से केवल 5.4 करोड़ यूनिक इन्वेस्टर ही म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, जिससे देश में म्यूचुअल फंड के व्यापक विस्तार की बड़ी संभावना है। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) नए निवेशकों को जोड़ने और उनकी म्यूचुअल फंड यात्रा शुरू करने का एक शानदार तरीका रहा है। छोटी सिप के लॉन्च के साथ, कोई भी नया निवेशक केवल ?250 की न्यूनतम राशि से अपनी संपत्ति निर्माण की यात्रा शुरू कर सकता है। इसे हम कह सकते हैं – 'छोटी रकम, बड़ा कदम।' यह पहल नए निवेशकों को 250 रुपये की न्यूनतम राशि के साथ सिप के माध्यम से निवेश करने में सक्षम बनाती है। छोटी सिप (छोटा सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के पीछे का उद्देश्य इस क्षेत्र में प्रवेश में आने वाली बाधाओं को कम करके, विशेष रूप से पहली बार निवेश करने वाले लोगों के लिए म्यूचुअल फंड निवेश को अधिक सुलभ बनाना है। निवेशक ने पहले उद्योग स्तर पर म्यूचुअल फंड (एसआईपी या एकमुश्त) में निवेश नहीं किया होगा। निवेशक को ग्रोथ ऑप्शन में निवेश करना चाहिए और मासिक आधार पर कम से कम 60 किस्तों के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स मार्च में 12 नए शोरूम खोलेगा

### 13 देशों में 391 शोरूम तक करेगा वैश्विक नेटवर्क का विस्तार

**मुंबई, एजेंसी।** दुनिया का छठा सबसे बड़े आभूषण विक्रेता (ज्वेलर) मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स भारत में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए मार्च 2025 तक 12 नए शोरूम खोलने की तैयारी में है. इस हालिया विस्तार से 13 देशों में कंपनी के कुल शोरूम की संख्या 391 तक पहुंच जाएगी और कंपनी की मौजूदगी भारत के 19 राज्यों तक हो जाएगी. ये नए शोरूम मुंबई के पनवेल, पुणे के सिंहगढ़ रोड, ओडिशा के ब्रह्मपुर रोड और सौभाग्य नगर, झारखंड के धनबाद, कर्नाटक के होस्पेट, नगरभवी और चित्रदुर्ग, आंध्र प्रदेश के नांदयाल, अमलापुरम और मछलीपट्टनम एवं उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित होंगे. मलाबार ग्रुप ने विस्तार के इस चरण में कुल 600 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और इस वित्त वर्ष में विभिन्न पदों पर 406 कर्मचारियों की नियुक्ति की है. मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 2025 में 60 नए शोरूम खोलने की योजना बनाई है. इससे कंपनी की वैश्विक उपस्थिति का और अधिक विस्तार होगा. अप्रैल 2025 में ग्रुप पांच नए शोरूम का उद्घाटन करेगा, जिससे मध्य पूर्व, ब्रिटेन और कनाडा में समूह का और अधिक विस्तार होगा. मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने लोकप्रिय एक्टर और ब्रांड एंबेसडर एनटीआर जूनियर के साथ एक उपभोक्ता जागरूकता अभियान (कंज्यूमर अवेयरनेस कैंपेन) की शुरुआत की है. यह कैंपेन ब्रांड को एक जिम्मेदार ज्वेलर के रूप में रेखांकित करता है और टिकाऊ व्यवस्थाओं (सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज), असली हॉलमार्क वाली ज्वेलरी और प्रमाणित नेचुरल डायमंड्स को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता पर बल देता है. इस विस्तार को लेकर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, हमारी विस्तार योजना (एक्सपेंशन प्लान) वैश्विक स्तर पर उपस्थिति बढ़ाने और क्वालिटी पर केंद्रित, पारदर्शी खुदरा (ट्रांसपैरेंट रिटेल) प्रैक्टिस उपलब्ध कराते हुए दुनिया भर में अधिक से अधिक लोगों को विश्वस्तरीय खरीदारी अनुभव प्रदान करने के हमारे व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है. हम नैतिक व्यापार प्रथाओं (इथिकल बिजनेस प्रैक्टिस) और जिम्मेदार तरीके से सोर्सिंग करने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और ये हमारे मूल्यों (वैल्यूज) के केंद्र में हैं. हम जैसे-जैसे आगे बढ़ रहे हैं और नए बाजारों में प्रवेश कर रहे हैं, ऐसे में हर शोरूम की शुरुआत से हम दुनिया के नंबर एक ज्वेलरी और लक्जरी ब्रांड बनने के अपने सपने को साकार करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा रहे हैं. वैश्विक बाजार में इस पैठ से ना सिर्फ हमारी पहुंच बढ़ती है।

### गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने मध्य प्रदेश में रिटेल फर्नीचर के क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत की

# इंटेरियो का लक्ष्य भोपाल में 25 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी

### इंटेरियो का तीन साल में ?55 करोड़ राजस्व का लक्ष्य

**भोपाल।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का प्रमुख होम और ऑफिस फर्नीचर ब्रांड इंटेरियो मध्य प्रदेश में अपने विस्तार की योजना बना रहा है। इसका लक्ष्य मॉड्यूलर और कस्टमाइज़्ड होम फर्नीचर समाधान पर केंद्रित एक आक्रामक विकास रणनीति के माध्यम से अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। जैसे-जैसे उपभोक्ता की पसंद रेडीमेड और मॉड्यूलर फर्नीचर की ओर बढ़ रही है, ब्रांड शहरी और अर्ध-शहरी ग्राहकों की बदलती मांगों को पूरा करने के लिए आवश्यक फर्नीचर की एक नई श्रृंखला पेश करने की तैयारी कर रहा है। भोपाल अपने होम फर्नीचर व्यवसाय में 50 प्रतिशत का योगदान देता है, जिससे इंटेरियो इस क्षेत्र में एमडीएफ और पार्टिकल बोर्ड आधारित फर्नीचर के बढ़ते प्रभुत्व का लाभ उठाने के लिए तैयार है।

मध्य प्रदेश, जो उत्तरी भारत के सबसे तेजी से शहरीकरण वाले राज्यों में से एक है, एक मजबूत रियल एस्टेट बाजार प्रस्तुत करता है, जो होम इंटीरियर्स और मॉड्यूलर समाधानों की मांग को बढ़ावा देता है। उपभोक्ताओं की बदलती आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से पूरा करने के लिए, इंटेरियो ने भोपाल और राज्य भर में 8 शोरूम, 65 डीलर और 40 रिटेलर के साथ एक व्यापक रिटेल नेटवर्क स्थापित किया है। वर्तमान में भोपाल बाजार में 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ, ब्रांड अगले तीन वर्षों में 25 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखता है और मध्य प्रदेश से 55 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य बना रहा है।



ब्रांड के विस्तार के बारे में बात करते हुए, इंटेरियो के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और कंज्यूमर बिजनेस हेड देव सरकार ने कहा, मध्य प्रदेश में उपभोक्ताओं की पसंद में उल्लेखनीय बदलाव देखा गया है, और यहाँ हाल के दौर में मॉड्यूलर और कस्टमाइज़्ड फर्नीचर समाधानों की ओर झुकाव बढ़ा है। यह प्रवृत्ति तेजी से बढ़ते रियल एस्टेट बाजार के साथ मेल खाती है, जहां भोपाल में आवासीय बिक्री में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,565 इकाइयां बिकीं और मूल्य के लिहाज से 38 प्रतिशत की वृद्धि के साथ पिछले वर्ष में 2,344 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। कंपनी ने वित्त वर्ष 25 में 30 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 26 में 40 करोड़ रुपये की बिक्री का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। हम भोपाल में अपनी उपस्थिति को रणनीतिक रूप से और मजबूत करने में जुटे हैं और उज्जैन, शिवपुरी और राजगढ़ जैसे उच्च संभावनाओं वाले अर्ध-शहरी स्थानों में अपनी पहुंच बढ़ा रहे हैं, जहां गुणवत्ता वाले फर्नीचर की अपार संभावनाएं हैं। विस्तार संबंधी अपनी रणनीति के अनुरूप, इंटेरियो अगले तीन महीनों में भोपाल में एक फ्रेंचाइज़ी शोरूम और इंदौर में एक और शोरूम शुरू करने की योजना बना रहा है, साथ ही चार नए डीलर स्टोर और दो वितरक आउटलेट खोलने का भी लक्ष्य है।

# देशभर में 5जी ट्रैफिक में तीन गुना बढ़ोतरी दर्ज की : नोकिया

**नई दिल्ली एजेंसी।** नोकिया ने अपने वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स के निष्कर्षों को जारी किया, जिसमें 2024 में पूरे भारत में 5जी डेटा ट्रैफिक में साल दर साल तीन गुना की उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पूरे भारत में मोबाइल ब्रॉडबैंड रुख का एक समग्र विश्लेषण उपलब्ध कराने वाली इस रिपोर्ट में तेजी से 5जी टेक्नोलॉजी को अपनाए जाने के रुख को रेखांकित किया गया है जिसकी वजह इसकी व्यापक उपलब्धता, विश्वसनीय कनेक्टिविटी और अनुकूल उपकरणों का एक बढ़ता पारितंत्र है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, इस वृद्धि में मुख्य योगदान वर्ग बी और सी सर्किलों का रहा जहां 5जी डेटा खपत में क्रमशः 3.4 गुना और 3.2 गुना की वृद्धि दर्ज की जा रही। इन सर्किलों में 5जी नेटवर्क का विस्तार इस वृद्धि का मुख्य कारक रहा है। मेट्रो सर्किलों में 5जी डेटा उपयोग का कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड डेटा में योगदान 43 प्रतिशत पहुंच गया है जोकि 2023 में 20 प्रतिशत था, वहीं 4जी डेटा की वृद्धि में गिरावट आ रही है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि प्रति यूज़र औसत मासिक डेटा खपत 2024 में बढ़कर 27.5 गीगाबाइट्स पर पहुंच गया है जोकि पिछले पांच वर्षों में 19.5 की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) परिलक्षित करता है। 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्लूए) की सतत वृद्धि इस डेटा उपयोग को गति प्रदान कर रही है जिसमें रिहाइशी और कारोबारी व्यवस्थाओं में नई सेवाओं की वजह से एफडब्लूए यूज़र्स, औसत मोबाइल डेटा यूजर्स के मुकाबले 12 गुना अधिक डेटा का उपभोग कर रहे हैं। भारत में 5जी डिवाइस ईकोसिस्टम निरंतर तेजी से उभर रहा है जहां सक्रिय 5जी डिवाइस की संख्या साल दर साल दोगुना होकर 2024 में 27.1 करोड़ पर पहुंच गया। वर्ष 2025 में करीब 90 प्रतिशत स्मार्टफोन 5जी क्षमता वाले होने की संभावना के साथ इस रुख में और तेजी आने की संभावना है। मौजूदा रुख के आधार पर नोकिया एमबीआइटी इंडेक्स का अनुमान है कि कुल 5जी डेटा ट्रैफिक 2026 की पहली तिमाही तक 4जी डेटा ट्रैफिक को पार कर जाएगा। इसके अलावा, 5जी एडवांस्ड की दिशा में उद्भव से कारोबारी संभावना और बढ़ने का अनुमान है जिससे सेवाओं में अंतर आएगा, आय के नए स्रोत पैदा होंगे और विवेकपूर्ण परिचालन के जरिए लागत में कमी आएगी।




# बंधन एएमसी ने वेल्थ क्रिएशन प्लेटफॉर्म – वेदार्था लॉन्च किया

**भोपाल।** बंधन एएमसी, ने अपने नए वैकल्पिक इनवेस्टमेंट प्लेटफॉर्म वेदार्था की घोषणा की। नया प्लेटफॉर्म बंधन एएमसी के अल्ट्रनेटिव इनवेस्टमेंट फंड्स (एआईएफ) के साथ-साथ पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज (पीएमएस) के तहत लिस्टेड इक्विटी और फिक्स्ड-इनकम सॉल्यूशंस का उपयोग करके नए फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स की पेशकश करना चाहता है। वेदार्था के तहत पेश किए जाने वाले इक्विटी-फोक्सड उत्पादों का मैनेजमेंट मृणाल सिंह, हेड-अल्ट्रनेट्स (लिस्टेड इक्विटीज) के नेतृत्व वाली टीम द्वारा किया जाएगा, जबकि वेदार्था के तहत पेश किए जाने वाले फिक्स्ड इनकम प्रोडक्ट्स का मैनेजमेंट भूपेंद्र मील, हेड- पीएमएस और अल्ट्रनेटिव- फिक्स्ड इनकम की प्रमुखता वाली टीम द्वारा किया जाएगा। बंधन एएमसी, भारतीय इनवेस्टमेंट मैनेजमेंट सेक्टर में एक प्रमुख नाम है जो निवेशकों के लिए लगातार इनोवेटिव और बेहतरीन फाइनेंशियल सर्विसेज प्रदान कर रही है। श्री विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा कि वेदार्था की शुरुआत एक ऐसी सोच के साथ हुई थी, जिसके तहत अलग-अलग ज़रूरतों वाले लोगों की ज़रूरतों को पूरा किया जाएगा। वेदार्था का सार संस्कृत के शब्दों से लिया गया है- वेद, ज्ञान के ज़रिए ज्ञान की शाश्वत खोज का प्रतीक है और अर्थ, उद्देश्यपूर्ण वेल्थ क्रिएशन के ज़रिए समृद्धि का प्रतीक है। साथ में, वे एक ऐसे फिलॉसफी को दर्शाते हैं, जहां विशेषज्ञता समृद्धि को बढ़ावा देती है और वेल्थ क्रिएशन स्थायी प्रभाव पैदा करने का एक माध्यम बन जाता है। वेदार्था को प्रमाणित विशेषज्ञता वाली एक समर्पित और अनुभवी निवेश टीम के साथ-साथ 15-20 वर्षों के औसत अनुभव वाली एक सीनियर मैनेजमेंट टीम का समर्थन प्राप्त है। इसे बंधन एएमसी की 25 साल की विरासत और बंधन ग्रुप, जीआईसी (सिंगापुर) और क्रिसकैपिटल का सपोर्ट प्राप्त है। मृणाल सिंह, हेड-अल्ट्रनेट्स (लिस्टेड इक्विटीज), बंधन एएमसी ने कहा कि वेदार्था हमारे ग्राहकों की हर तरह की छोटी-बड़ी वित्तीय आकांक्षाओं को पूरा करने वाले एक्सक्लूसिव सॉल्यूशन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। लिस्टेड इक्विटी सेक्टर में इनोवेशन, विशेषज्ञता और उद्देश्य-संचालित रणनीतियों को मिलाकर, हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को उनकी वेल्थ क्रिएशन के सफर में सहायता करना है। भूपेंद्र मील, हेड - पीएमएस और अल्ट्रनेटिव-फिक्स्ड इनकम ने कहा कि वेदार्था अपने मूल में हमारे इस विश्वास को सामने लाता है कि वेल्थ क्रिएशन, नॉलेज, विशेषज्ञता और उद्देश्य द्वारा गाइडेड एक सफर है।

VEDARTHA
BY BANDHAN AMC

# आलिया नहीं हैं रणबीर कपूर की पहली पत्नी!

➤ एक्टर का खुलासा- एक लड़की आई थी पंडित के साथ, उसने गेट पर शादी कर ली



रणबीर कपूर ने हाल ही में खुलासा किया कि एक महिला पहले ही उनसे गेट पर शादी कर चुकी है, और उन्होंने आज तक उसे नहीं देखा। आलिया भट्ट के साथ उनकी शादी से पहले की यह घटना, जो उन्होंने एक इंटरव्यू में साझा की, इसने सबको हैरान कर दिया।

रणबीर कपूर अपने प्यारे परिवार के साथ बेहद खुश हैं, जिसमें उनकी पत्नी आलिया भट्ट, बेटी राहा और उनकी मां नीतू कपूर हैं। इस कपल ने अप्रैल 2022 में शादी की और अप्रैल 2018 में डेटिंग शुरू की थी। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि आलिया उनकी पहली पत्नी नहीं हैं? रणबीर ने हाल ही में अपनी पहली पत्नी से अभी तक न मिलने के बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने आलिया के साथ एक शानदार शादी की लेकिन अब बताया है कि वह उनकी पहली पत्नी नहीं हैं। रणबीर कपूर के पास दुनियाभर में फैनबेस है। उनके फैंस एक्टर की एक झलक पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। मैशेबल इंडिया के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में, रणबीर ने बताया कि एक औरत पंडित के साथ उनके परिवार के बंगले में आई थी और घर के गेट पर उससे ही शादी कर ली थी। उन्होंने खुलासा किया कि वह अभी भी अपनी पहली पत्नी से मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

### रणबीर की पहली पत्नी कौन?

रणबीर ने बताया, मैं इसे पागलपन नहीं कहूंगा क्योंकि इसका इस्तेमाल निगेटिव तरीके से किया जाता है लेकिन मुझे याद है कि जब मैंने शुरुआती सालों में शुरुआत की थी। एक लड़की थी और मैं उससे कभी नहीं मिला लेकिन मेरे वॉचमैन ने मुझे बताया कि वह एक पंडित के साथ आई थी और मेरे गेट से ही शादी कर ली थी। जिस बंगले में मैं अपने माता-पिता के साथ रहता था, वहां गेट पर कुछ टीका और कुछ फूल पड़े थे। मैं उस समय शहर से बाहर था, मुझे लगता है कि यह काफी पागलपन था। मैं अभी तक अपनी पहली पत्नी से नहीं मिला हूं इसलिए मैं किसी समय आपसे मिलने का इंतजार कर रहा हूं। आलिया मेरी पहली पत्नी नहीं है।


### क्रश से ही कर ली शादी

यह बात सभी जानते हैं कि आलिया के बचपन के क्रश रणबीर थे। वह 11 साल की थीं जब उन्होंने रणबीर को संजय लीला भंसाली की फिल्म ब्लैक में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम करते देखा था। 2014 में आलिया ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की और कॉफी विद करण के सेट पर बातचीत के दौरान उन्होंने रणबीर से शादी करने की इच्छा जताई। रणबीर आलिया के साथ हाईवे को प्रमोट करने के लिए शो पर आए थे। आलिया ने ब्रह्मास्त्र की शूटिंग का भी किस्सा शेयर किया था। आलिया की मम्मी कहती थीं ये

उन्होंने कहा, जब मैं बहुत लंबे समय के बाद सिंगल थी, तो मेरे आस-पास के सभी लोग, मेरी बहन और दोस्त कहते थे कि तुम और वो (रणबीर) साथ रहने वाले हो। हमने अपनी फ्लाइट में इस बारे में बात की। हम साथ बैठे थे और फिर उसकी सीट में कुछ गड़बड़ हो गई। बाद में उसकी सीट ठीक हो गई और जब हमने नोट्स एक्सचेंज किए। वहीं से माहौल शुरू हुआ और बाकी सब इतिहास है।

### रणबीर ने शादी पर कही ये बात


एक बार एक प्रेस इवेंट में रणबीर ने अपनी फिल्म ये जवानी है दीवानी का एक मशहूर डायलॉग शेयर किया था। उन्होंने बताया था कि आलिया से शादी के बाद उन्होंने कहा था कि शादी करना ऐसा है जैसे पूरी जिंदगी दाल चावल खाना।



# रश्मिका ने थामा के सेट से पोस्ट किया शेयर

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों थामा की शूटिंगमें व्यस्त हैं। उन्होंने फिल्म के सेट से बताया कि निर्देशक आदित्य सरपोतदार जानते हैं कि सही शब्दों का इस्तेमाल करके वह अभिनेत्री को खुश कर सकते हैं। रश्मिका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में निर्देशक आदित्य सरपोतदार एक प्लास्टिक की कुर्सी पर बैठे हुए शूटिंग के दौरान स्क्रीन पर देखते हुए नजर आ रहे हैं। रश्मिका ने इस तस्वीर के साथ लिखा- मेरे निर्देशक हर बार मुझे रात की शूटिंग करने पर मजबूर करते हैं आइस बकेटज मेरी ज़िंदगी की कहानी। तस्वीर में एक प्लास्टिक की बाल्टी है, जिस पर आइस बकेट लिखा हुआ था और रश्मिका ने इसे मज़ाकिया अंदाज में मेरी ज़िंदगी की कहानी कहकर, बार-बार रात की शूटिंग को लेकर हल्की शिकायत की। पोस्ट को रि-शेयर करते हुए, निर्देशक आदित्य सरपोतदार ने लिखा- जहां आम लोग रात से डरते हैं, वहीं वैंपायर अपनी शक्ति पाते हैं।

रश्मिका ने इसका जवाब देते हुए लिखा- स्मार्ट शब्द। बिल्कुल पता है कि थामा (वैंपायर) को खुश कैसे किया जाए! फिल्म थामा एक इतिहासकार की कहानी पर आधारित है, जो प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन करता है और स्थानीय वैंपायर किंवदंतियों के बारे में सच्चाइयों का खुलासा करता है। हाल ही में, रश्मिका ने अपने इंस्टाग्राम पर जो चीज़ें उन्हें पसंद हैं, इस पर एक मजेदार सीरीज़ भी शुरू की थी। एक वीडियो में उन्होंने अपने पसंदीदा आम का आनंद लिया और अपनी खुशी को व्यक्त किया। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा- कोई मुझे वो चीजें करने से नहीं रोक सकता, जिन्हें मैं पसंद करती हूं! पार्ट - 1! रश्मिका की आगामी फिल्म सिकंदर ईद पर रिलीज होने वाली है।



# वेब सीरीज 'दुपहिया' की तुलना 'पंचायत' से करने पर गदगद हुई डायरेक्टर सोनम नायर

**डायरेक्टर** सोनम नायर ने अमेजन प्राइम पर हाल ही रिलीज हुई अपनी वेब सीरिज 'दुपहिया' की तुलना 'पंचायत' से किए जाने पर खुशी जताई। वह 'दुपहिया' की तुलना सफल सीरीज 'पंचायत' से करने को प्रशंसा मानती हैं। डायरेक्टर सोनम नायर ने कहा, हमें लगा कि दोनों शो गांव पर आधारित हैं, इसलिए दोनों की तुलना की जा सकती है, लेकिन हम यह भी जानते थे कि समानताएं यहीं खत्म हो जाती हैं। हम बहुत सम्मानित महसूस करते हैं कि हमारी तुलना एक सफल शो से की जा रही है, यह एक तारीफ है और मुझे उम्मीद है कि उनके प्रशंसक दुपहिया के भी प्रशंसक बनेंगे। नायर ने कला के एक पुराने रूप लौंडा नाच के बारे में भी बात की। बताया कि उन्होंने इसे कैसे संभाला। उन्होंने कहा, हम फोटुआ को उसी तरह से पेश करना चाहते थे, जैसे कोई बड़ी फिल्म एक आइटम सॉन्ग को करती है। हम भाग्यशाली थे कि हमें गणेश आचार्य सर मिले, जिन्होंने इसे कोरियोग्राफी किया। उन्होंने कहा, लड़कों ने दिल खोलकर डांस किया है। मेरे लिए यह किसी भी आइटम सॉन्ग जितना ही अच्छा है और फिर भी यह आइटम सॉन्ग की अवधारणा को पूरी तरह बदल देता है। दक्षिण भारत से आने वाली सोनम नायर के लिए हिंदी पट्टी (हार्डकोर हिंदी क्षेत्र) पर आधारित सीरीज का निर्देशन करना कितना मुश्किल था? निर्देशक ने कहा, मेरे खून में केरल, पंजाब और यहां तक कि बर्मा भी है और मैं बंगाल के एक छोटे से शहर में पली-बढ़ी हूं। इसलिए मुझे लगता है कि मैं अपने देश के हर कोने से ताल्लुक रखती हूं।

उन्होंने कहा, इस सीरीज के लिए मैंने सभी अभिनेताओं के साथ बोली सीखने का काम किया और यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रेकी (सर्वेक्षण) और तैयारी का काम किया कि सीरीज वास्तविक लगे। अब जब बिहार के लोग कह रहे हैं कि यह उन्हें सच्चा लगता है, तो मुझे बहुत खुशी होती है। बता दें कि वेब सीरिज 'दुपहिया' में रेणुका शहाणे के साथ गजराज राव भी हैं। धड़कपुर के काल्पनिक गांव में सेट की गई इस सीरीज में गजराज, रेणुका, भुवन अरोड़ा, स्पर्श श्रीवास्तव, शिवानी रघुवंशी और यशपाल शर्मा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज सलोना बैंस जोशी और शुभ शिवदासानी द्वारा उनकी कंपनी बॉम्बे फिल्म कार्टेल के तहत बनाई गई। सीरीज का निर्देशन सोनम नायर ने किया है और इसे अविनाश द्विवेदी और चिराग गर्ग ने लिखा है।



# 51 की उम्र में बिकिनी पहनकर खूब इतराई ये हसीना

बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस टिस्का चोपड़ा फिलहाल मालदीव में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं, जहां से उन्होंने अपनी लेटेस्ट बिकिनी तस्वीरें शेयर की हैं. इन फोटोज में टिस्का 51 की उम्र में भी अपनी बोल्डनेस से फैंस के दिलों की धड़कने बढ़ा रही हैं. बॉलीवुड एक्ट्रेस टिस्का चोपड़ा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. उन्होंने कई ब्लॉकबस्टर हिंदी फिल्मों में अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है. टिस्का चोपड़ा आमिर खान के साथ फिल्म तारे जमीन पर के साथ ही जुग जुग जियो जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं. 51 साल की एक्ट्रेस फिलहाल मालदीव में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं, जहां से वह लगातार अपनी तस्वीरें साझा कर रही हैं. अब हाल ही में टिस्का ने लेटेस्ट फोटोज शेयर किए हैं, जिनमें एक्ट्रेस पिंक कलर की बिकिनी पहनें दिख रही हैं. यहां देखें टिस्का चोपड़ा के लेटेस्ट फोटोज. इस तस्वीर में टिस्का चोपड़ा पिंक कलर की बिकिनी पहनकर समुद्र में उतरी दिख रही हैं. 51 की उम्र में एक्ट्रेस की बोल्डनेस देख हर कोई हैरान रह गया है.

इस तस्वीर में टिस्का चोपड़ा अपने पति संजय चोपड़ा संग नजर आ रही हैं. फोटो में देखा जा सकता है कि टिस्का झूले पर बैठी हैं तो वहीं संजय उनके पीछे खड़े होकर पोज दे रहे हैं. फोटो में टिस्का अपने टोन्ड लेग्स जमकर फ्लॉन्ट कर रही हैं. इस तस्वीर में टिस्का चोपड़ा स्विमिंग पूल में उतरकर आग लगा रही हैं. फोटो में एक्ट्रेस पानी से भरी सीढ़ियों पर तैरती दिख रही हैं. टिस्का के ये फोटोज आते ही इंटरनेट पर छा गए हैं. इस तस्वीर में टिस्का चोपड़ा अपनी एक फीमेल दोस्त के साथ झूले पर बैठकर पोज दे रही हैं. फोटो में वह मालदीव में अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिता रही हैं. बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस टिस्का चोपड़ा फिलहाल मालदीव में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं, जहां से उन्होंने अपनी लेटेस्ट बिकिनी तस्वीरें शेयर की हैं. इन फोटोज में टिस्का 51 की उम्र में भी अपनी बोल्डनेस से फैंस के दिलों की धड़कने बढ़ा रही हैं. बॉलीवुड एक्ट्रेस टिस्का चोपड़ा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. उन्होंने कई ब्लॉकबस्टर हिंदी फिल्मों में अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है.

# प्रियंका चोपड़ा की नाभि पर चमका 2.7 करोड़ का हीरा



प्रियंका चोपड़ा की शानदार तस्वीरों और वीडियो को हाल ही में पैपराजी ने अपने कैमरे में कैद किया है. जिसमें उनके कूल लुक को फैंस ने खूब पसंद किया, लेकिन उनके करोड़ों के नाभि में पहने गए हीरों ने सभी का ध्यान खींचा. बॉलीवुड की देसी गर्ल और ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर भारत आईं और अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर लीं. लंबे समय से भारतीय फिल्मों से दूरी बनाए हुए प्रियंका जल्द ही एसएस राजामौली की फिल्म से वापसी करने वाली हैं. इसी सिलसिले में वह मुंबई पहुंचीं, जहां उनकी एक झलक पाने के लिए फैंस बेहद एक्साइटेड नजर आए. द्यह्यश्च ऋद्भड्डस्र - इवेंट में हाई हील्स पहन टशन दिखाने के चक्कर में धड़ाम से गिरीं ये हसीनाएं, एक सेकंड में इज्जत की... हाल ही में पैपराजी के कैमरों में कैद हुई प्रियंका का स्टाइलिश अंदाज देखते ही बना. उन्होंने का स्टनिंग को-ऑर्ड सेट पहना, जिसमें उनका ग्लैमरस लुक ने सभी को अट्रैक्ट किया. उनके आउटफिट में ब्लू, वाइट और ब्लैक कलर का कॉम्बिनेशन था, जिसमें वाइट फ्लोरल प्रिंट इसे और भी इंप्रेसिव बना रहा था. प्रियंका ने इसके साथ ब्लैक क्रॉप टैंक टॉप स्टाइल किया, जिसने उनके लुक को और ज्यादा स्मार्ट बना दिया. इस पजामा सेट की कीमत करीब ?1,34,000 बताई जा रही है.

# नीना गुप्ता ने बताया, कैसे करती हैं अपने दिन की शुरुआत



मशहूर अभिनेत्री नीना गुप्ता अपने दिन की शुरुआत योग और आध्यात्मिक अभ्यास से करती हैं।

नीना ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह योगासन करती दिखीं। बैकग्राउंड में ओम मंत्र सुनाई दे रहा है। क्लिप में नीना गुप्ता अपनी बालकनी में मैट पर योगासन करती दिख रही हैं। गुप्ता के योग के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके प्रशंसकों ने भी की। कई यूज़र्स ने माना कि नीना की वेलनेस रूटीन ने उन्हें काफी प्रेरित किया है, जबकि कुछ ने उनकी शालीनता और सकारात्मकता की तारीफ की। एक यूजर ने टिप्पणी की, नीना जी, आप कई लोगों के लिए प्रेरणा हैं। एक फैन ने लिखा, आप सचमुच एक प्रेरणा हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना यू ट्यूब चैनल भी लॉन्च किया है। जिसे लेकर उन्होंने कहा कि अपने अनगिनत फॉलोअर्स तक पहुंच बढ़ाने के लिए उन्होंने ऐसा किया, क्योंकि उन्हें लगता है कि इंस्टाग्राम पर ज्यादा लोग नहीं हैं और वे नीना की जिंदगी से अपडेट नहीं हो पाते हैं। अपना वीडियो शेयर करते हुए नीना ने कहा, मुझे अचानक यह महसूस हुआ कि कई लोग इंस्टाग्राम का इस्तेमाल नहीं करते हैं और मैं ज़्यादातर चीजें वहीं पोस्ट करती हूं। इसलिए, मैंने सोचा कि अपना यूट्यूब चैनल शुरू करूं, ताकि जो लोग फेसबुक या इंस्टाग्राम का इस्तेमाल नहीं करते, वे जान सकें कि मैं कौन हूं, क्या करती हूं, क्या पहनती हूं और किन-किन चीज़ों के बारे में बात करती हूं। अगर आपको यह पसंद आया, तो अच्छा! अगर नहीं, तो बिना झिझक देखना बंद कर सकते हैं।

# रिलीज हुआ मोनालिसा की फिल्म The Manipur Diaries का पोस्टर?

महाकुंभ खत्म हुए काफी समय हो चुका है बावजूद इसके मोनालिसा का जादू लोगों के सिर से उतरने का नाम ही नहीं ले रहा है. लोग अब भी सोशल मीडिया पर मोनालिसा को ही खोजते रहते हैं. सोशल मीडिया पर अक्सर मोनालिसा की तस्वीरें




और वीडियोज वायरल होती रहती हैं. इसी बीच मोनालिसा को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है. दावा किया जा रहा है कि मोनालिसा की फिल्म द मणिपुर डायरीज का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है. सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक पोस्टर लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रहा है. इस पोस्टर में मोनालिसा साड़ी पहने नजर आ रही हैं. तस्वीर में मोनालिसा के एक्सप्रेशन्स काफी गंभीर हैं. मोनालिसा को देखकर लग रहा है कि जैसे वो किसी जंग पर जाने की तैयारी कर रही हैं. मोनालिसा के साथ और भी कई किरदार पोस्टर में नजर आ रहे हैं. मोनालिसा के इस अंदाज ने सोशल मीडिया को हिलाकर रख दिया है.

# रान्या राव ने पुलिस प्रोटोकॉल का किया था दुरुपयोग, जांच में मिले सबूत



रान्या राव की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। हाल ही में जांच में सबूत मिले हैं कि उन्होंने पुलिस प्रोटोकॉल का दुरुपयोग किया था।सोने की तस्करी के मामले में डीजीपी रैंक अधिकारी के रामचंद्र राव की भूमिका की जांच में यह पाया गया है कि उनकी सौतेली बेटी और कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव ने पुलिस प्रोटोकॉल का दुरुपयोग किया था। सूत्रों के अनुसार अतिरिक्त मुख्य सचिव गौरव गुप्ता द्वारा की गई जांच में यह खुलासा हुआ है कि रान्या राव ने अपनी विदेश यात्राओं के दौरान विशेष रूप से दुबई से बेंगलुरू के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर आते वक्त पुलिस प्रोटोकॉल सेवाओं का गलत इस्तेमाल किया।

सीसीटीवी फुटेज से मिले अहम संकेत

सूत्रों के अनुसार हवाईअड्डे के सीसीटीवी फुटेज की जांच से यह भी संकेत मिला है कि रान्या राव ने हर बार दुबई से बेंगलुरू पहुंचने पर डीजीपी रैंक अधिकारी के प्रोटोकॉल सेवाओं का लाभ लिया। इस मामले में पुलिस विभाग ने अब डीजीपी रैंक अधिकारी को शनिवार को अनिवार्य अवकाश पर भेज दिया था।

### रामचंद्र राव का बयान हो चुका है दर्ज

कुछ दिन पहले इस वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी से सोने की तस्करी के मामले में पूछताछ की गई थी और उनके बयान को गौरव गुप्ता के नेतृत्व वाली जांच टीम ने दर्ज किया था। 10 मार्च को राज्य सरकार ने गौरव गुप्ता को रान्या राव की सोने की तस्करी में संभावित संलिप्तता की जांच करने के लिए नियुक्त किया था। कितना सोना और नकद हुए बरामद?

3 मार्च को रान्या राव केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे पर दुबई से आईं, जहां उनसे 12.56 करोड़ रुपये के सोने के बिस्किट जब्त किए गए। इसके बाद उनके घर की तलाशी ली गई। वहां से 2.06 करोड़ रुपये की सोने की ज्वेलरी और 2.67 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए। यह जानकारी डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने दी।

साभार एजेंसी

आईपीएल 2025:

# अब और रोमांचक होगा इंडिया का त्योहार

## आईपीएल में पहली बार क्या-क्या दिखेगा?



नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग जिसे इंडिया का त्योहार भी कहा जाता है, इसके 18वें सीजन की शुरुआत 22 मार्च से होने जा रही है. आईपीएल का ये सीजन अभी तक का सबसे खास सीजन होने वाला है. आईपीएल 2025 से पहले बीसीसीआई ने कई बड़े फैसले लिए हैं, जिससे ये लीग और रोमांचक हो गई है. इस बार आईपीएल में कुल 3 नए नियम देखने को मिलेंगे, जिसका इस्तेमाल इस लीग में कभी नहीं किया गया था. वहीं, 2 खिलाड़ी बतौर कप्तान पहली बार खेलते हुए नजर आएंगे. आईपीएल 2025 में खिलाड़ियों की कमाई में बंपर फायदा देखने को मिलेगा. दरअसल, अभी तक खिलाड़ियों को ऑक्शन में लगी बोली का ही पैसा मिलता था. लेकिन इस बार ये खिलाड़ियों को मैच फीस भी दी जाएगी. टीम शीट में शामिल 12 खिलाड़ियों को हर मैच 7.5 लाख रुपए दिए जाएंगे. हालांकि जो खिलाड़ी मैच का हिस्सा नहीं होंगे, उन्हें मैच फीस नहीं मिलेगी. इस नियम से सबसे ज्यादा फायदा उन खिलाड़ियों को मिलेगा, जो ऑक्शन में 30 लाख या 50 लाख रुपए में खरीदे गए थे.

### वाइड के लिए बॉल ट्रैकिंग का इस्तेमाल

अब टीमें ऊंचाई और ऑफ साइड वाइड के लिए डीआरएस का इस्तेमाल कर सकेंगी. ऑफ-स्टंप के बाहर की वाइड और ऊंचाई वाली वाइड पर फैसला करने के लिए हॉक आई और बॉल ट्रैकिंग की मदद ली जाएगी. आईपीएल 2024 में ओवर द वेस्ट और नो बॉल को मापने के लिए जिस तकनीक का इस्तेमाल किया गया था, वही तकनीक ओवर द हेड वाइड और ऑफ साइड वाइड के मामले में भी लागू की जाएगी.

### 3 गेंदों से पूरा करवाया जाएगा एक मैच

आईपीएल 2025 के डे-नाइट मैचों में 3 गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा. जिसके तहत पहली पारी में एक गेंद का इस्तेमाल होगा. वहीं, दूसरी पारी में दो गेंदों का इस्तेमाल किया जा सकेगा. दरअसल, ओस के प्रभाव को कम करने के लिए नियम के मुताबिक मैच की दूसरी पारी में 11वें ओवर के बाद एक नई गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा. इसके अलावा आईपीएल 2025 में गेंदबाज सलाइवा का इस्तेमाल कर सकेंगे. सलाइवा का इस्तेमाल कोविड-19 के बाद से बैन था.

### पहली बार कप्तानी करेंगे ये दो खिलाड़ी

आईपीएल 2025 के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रजत पाटीदार को अपनी टीम का कप्तान बनाया है. बता दें रजत पाटीदार पहली बार इस लीग में कप्तानी करते हुए नजर आएंगे. वहीं, राजस्थान की टीम ने रियान पराग को शुरुआती 3 मैचों के लिए टीम की कमान सौंपी है. वह भी पहली बार इस लीग में कप्तानी करते हुए नजर आएंगे.



# कोहली के गिफ्ट का कमाल

### युवा क्रिकेटर ने माना- इसे पहनकर कमाल हो गया

मेलबर्न, एजेंसी। युवा भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने हाल ही में एक चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) 2024-25 के मेलबर्न टेस्ट में उनके ऐतिहासिक शतक में उनके आदर्श विराट कोहली के जूतों की अहम भूमिका रही। नीतीश ने कहा कि मैंने उस शतक के दौरान विराट भाई के जूते पहने थे। जब उन्होंने मुझसे मेरे जूते का साइज पूछा, तो मैंने सही अनुमान लगाया और उनके जूते पहन लिए। मैंने मैच के दौरान इसे पहना था। कमाल हो गया और मैं शतक लगाने में कामयाब रहा। नीतीश का यह पहला टेस्ट शतक था जोकि भारत के लिए मुश्किल हालात में आया।

इसके बाद नीतीश की प्रतिभा भी दुनिया के सामने आई। नीतीश ने आगे कहा कि कोहली जैसे दिग्गज के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना और उनके जूतों में शतक जड़ना उनके लिए सपने जैसा था। यह खबर क्रिकेट प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बन गई है, जो नीतीश की सादगी और कोहली के प्रभाव को दर्शाती है। नीतीश ने पिछले सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अपनी टीम के आईपीएल फाइनल में पहुंचने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 303 रन बनाए और तीन विकेट लिए। एक बेहतरीन ऑलराउंडर बनने के लिए दृढ़ संकल्पित नीतीश ने बांग्लादेश के खिलाफ अपने डेब्यू मैच से पहले हार्दिक पांड्या से भी सलाह ली थी। नीतीश ने खुलासा किया कि ड्रेसिंग रूम में सभी ने आकर मुझे बधाई दी, लेकिन मैं सिर्फ़ एक व्यक्ति की तलाश में था - उम्मीद कर रहा था कि वह आकर मुझसे बात करेगा।

# आईपीएल में छाने को तैयार हैं ये अनकैप्ड खिलाड़ी... गरजेगा बल्ला, आग उगलेंगी गेंदें




नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2025 सीजन का आगाज कल होने जा रहा है. इस बार टूर्नामेंट में सुपरस्टार्स पर तो सभी की नजरें रहेंगी ही, बल्कि उन नई भारतीय प्रतिभाओं पर भी नजरें रहेंगी, जो अनकैप्ड हैं और इस बड़े मंच पर धूम मचाने के लिए तैयार हैं. हर सीजन में लीग नए हीरो यंग क्रिकेटरों को सामने लाती है, जो निडर बल्लेबाजी, शानदार स्पेल और खेल को बदलने का दम रखते हैं. आइए आपको ऐसे ही कुछ चुनिंदा क्रिकेटरों के बारे में आपको बताने जा रहे हैं.

**मुशीर खान (पंजाब किंग्स):** 20 वर्षीय मुशीर 30 लाख रुपये में पंजाब किंग्स में शामिल हुए हैं. वो दाएं हाथ के टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज हैं, वहीं बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी करते हैं. सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर 2024 के अंडर-19 वर्ल्ड कप में सुर्खियों में आए थे. उन्होंने पिछले साल मुंबई के लिए दोहरा शतक लगाकर धमाकेदार तरीके से अपने रणजी ट्रॉफी करियर की शुरुआत की. उनके टी20 के आंकड़े अभी शुरुआती ही हैं, लेकिन नए कप्तान श्रेयस अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग के नेतृत्व में पंजाब किंग्स उन्हें मध्य क्रम में शामिल कर सकती है या स्पिन के अनुकूल पिचों पर पांचवें गेंदबाजी विकल्प के रूप में काम कर सकती है.

**रॉबिन मिंज (मुंबई इंडियंस):** अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी शैली के लिए जाने जाने वाले मिंज कुछ ही ओवरों में खेल का रुख बदल सकते हैं. बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 की नीलामी में 65 लाख रुपये में खरीदा था. एमआई के स्काउटिंग नेटवर्क ने उनकी क्षमता को पहले ही पहचान लिया था. इस बार मुंबई इंडियंस के टीम सेटअप में ईशान किशन नहीं हैं, ऐसे में मिंज का पावर गेम उनकी जगह ले सकता है. 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अब तक सिर्फ दो प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, लेकिन झारखंड के लिए एज कैटगरी वाले टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा दिखाई है.

**सी आंद्रे सिद्धार्थ (चेन्नई सुपर किंग्स):** 18 वर्षीय आंद्रे सिद्धार्थ ने घरेलू सर्किट में सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है. एक पॉडकास्ट में भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने भी सिद्धार्थ की तारीफ की. ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और एमएस धोनी की देखरेख में सिद्धार्थ सीएसके के माहौल में खूब फल-फूल सकते हैं. हालांकि सीएसके की मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप को देखते हुए उन्हें तुरंत खेलने का मौका शायद ही मिले, लेकिन उनके घरेलू प्रदर्शन से पता चलता है कि अगर जरूरत पड़ी तो वे आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं. स्पिन खेलने की उनकी आदत उन्हें चेपॉक की टर्निंग ट्रैक पर खूब फल-फूलने में मदद कर सकती है.

**समीर रिजवी (दिल्ली कैपिटल्स):** अपनी तेज-तर्रार बल्लेबाजी के लिए मशहूर रिजवी कैपिटल्स के लिए संभावित मैच विजेता हैं. 21 वर्षीय रिजवी ने 2023 में उत्तर प्रदेश टी20 लीग के दौरान 188.80 के शानदार स्ट्राइक-रेट से सिर्फ नौ पारियों में 455 रन बनाकर सुर्खियां बटोरी थीं. उन्होंने 35 छक्के लगाए और टूर्नामेंट का सबसे तेज शतक ( 47 गेंदों पर) जड़ा.

इस शानदार फॉर्म की वजह से 2024 की आईपीएल नीलामी में उनको सीएसके ने 8.4 करोड़ रुपये में खरीदा. हालांकि वो अपने डेब्यू सीजन की 5 पारियों में महज 51 रन ही बना सके. इस बार रिजवी को 95 लाख रुपये में दिल्ली केपिटल्स ने अपनी टीम में जोड़ा. ऐसे में वो DC के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए दिख सकते हैं.

**अंशुल कंबोज (चेन्नई सुपर किंग्स):** हरियाणा के एक होनहार दाएं हाथ के तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर कंबोज को आईपीएल 2025 की नीलामी के दौरान सीएसके ने 3.40 करोड़ रुपये में साइन किया. जो उनके बेस प्राइस 20 लाख रुपये से काफी ज्यादा है. 6 फीट 2 इंच की लंबाई वाले 24 वर्षीय कंबोज नई गेंद को दोनों तरफ स्विंग कर सकते हैं.

उनकी लंबाई की वजह से उनको पिच से अतिरिक्त उछाल मिलती है, जो बल्लेबाजों के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करती है. नवंबर 2024 में कंबोज के करियर में एक ऐतिहासिक क्षण आया, जब उन्होंने रणजी ट्रॉफी के इतिहास में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बनकर सुर्खियां बटोरीं. उन्होंने रोहतक में केरल के खिलाफ हरियाणा के मैच के दौरान 30.1 ओवर में 10/49 के आंकड़े दर्ज करते हुए यह उपलब्धि हासिल की.

**वैभव सूर्यवंशी (राजस्थान रॉयल्स):** बिहार के 13 वर्षीय प्रतिभाशाली क्रिकेटर वैभव को पिछले साल नवंबर में आईपीएल मेगा नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपये में चुना था. सूर्यवंशी ने आईपीएल इतिहास में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में सुर्खियां बटोरीं. वैभव ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ भारत अंडर-19 के लिए 58 गेंदों में शतक जड़ा था, जो यूथ टेस्ट में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज शतक था. उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में 42 गेंदों में 71 रनों की तूफानी पारी खेली थी. वैभव की क्रिकेट की जर्नी बिहार के समस्तीपुर जिले के ताजपुर गांव से शुरू हुई, जहां उनके किसान पिता संजीव ने घर पर ही उनकी प्रतिभा को निखारा. वैभव राजस्थान की टीम में हैं, जहां वो हेड कोच राहुल द्रविड़ के सान्निध्य में रहेंगे, ऐसे में उनको वहां खूब संवरने का मौका मिलेगा.

# राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत ने लगाई बोली

● 2010 में आखिरी बार हुआ था देश में आयोजन



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए बोली पेश की है। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने समाचार एजेंसी को बताया कि खेलों की मेजबानी में दिलचस्पी दिखाने से संबंधित दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च थी।

### आईओए और गुजरात ने लगाई बोली

सूत्र ने बताया कि भारतीय ओलंपिक संघ ने मेजबानी के लिए जरूरी दस्तावेज कुछ दिन पहले भेजे हैं। सूत्र ने कहा- हां, यह सच है, भारत की बोली आईओए और गुजरात राज्य द्वारा प्रस्तुत की गई है। बता दें कि, अगर भारत की बोली स्वीकार कर ली जाती है और देश को मेजबानी मिलती है तो इसका आयोजन गुजरात के अहमदाबाद में होगा।

हाल ही में खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा था कि देश खेलों की मेजबानी करने में रुचि रखता है। भारत ने अंतिम बार 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की थी और देश का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का भी है।

न्यूज़ीलैंड-पाकिस्तान:

# पाकिस्तान ने 16 ओवर में हासिल किया 205 रन का लक्ष्य

### नवाज ने ठोका तूफानी शतक



नई दिल्ली, एजेंसी। हसन नवाज के तूफानी शतक (44 गेंदें) की बदौलत पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में 16 ओवर में 207 रन बनाते हुए 9 विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज की। नवाज के अलावा कप्तान सलमान आगा ने अर्धशतक लगाया और इस जीत में अपना योगदान दिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान की सीरीज जीतने की संभावनाए एक बार फिर जाग उठी हैं। सीरीज में न्यूजीलैंड 2-1 से आगे है और दो मैच बाकी हैं। न्यूजीलैंड से मिले 205 रन के लक्ष्य के जवाब में पाकिस्तान ने शानदार शुरूआत करते हुए पहले और एक मात्र विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी की। मोहम्मद हारिस और नवाज के बीच 74 रन की साझेदारी 5.5 ओवर में टूटी जब जैकब डफी की गेंद पर हारिस मिशेल हे के हाथों कैच आउट हुए। हारिस ने 20 गेंदों पर 4 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 41 रन बनाए।

इस आउट के बावजूद पाकिस्तान ने आक्रामक रूख अपनाया और नवाज तथा आगा पाकिस्तान को जीत दिलाकर वापस लौटे। नवाज ने 45 गेंदों पर 10 चौकों और 7 छक्कों की मदद से 105 रन बनाए जबकि आगा ने 31 गेंदों पर 6 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 51 रन ठोके।

इससे पहले पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फिन ऐलन (शून्य) का विकेट गवां दिये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्क चैपमैन ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की शुरुआत की। उन्होंने टिम साइफर के साथ दूसरे विकेट के लिए 40 रनों की साझेदारी की।

### वर्ल्ड-क्लास भारतीय अंपायर अनिल चौधरी हुए रिटायर, आईपीएल 2025 में इस नए रोल में कर सकते हैं डेब्यू आईपीएल



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के बेहद लोकप्रिय अंपायर अनिल चौधरी ने इंटरनेशनल और आईपीएल में अंपायरिंग से रिटायरमेंट ले ली है. इस घोषणा के बाद चौधरी आईपीएल 2025 में अंपायरिंग करते नहीं दिखेंगे. उन्होंने बीसीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त किसी आखिरी मैच में अंपायरिंग रणजी ट्रॉफी के फाइनल मैच के दौरान की थी. उस भिड़ंत में विदर्भ ने केरल को हराकर रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता था.

हाल ही में यह भी खुलासा हुआ कि चौधरी इस बार कमेंटेटर के तौर पर अपना आईपीएल डेब्यू करने वाले हैं. वहीं बतौर अंपायर उनका आखिरी इंटरनेशनल मैच भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया ओड़ीआई मैच रहा, जो 27 सितंबर 2023 को खेला गया था. उस मैच में कंगारू टीम 66 रनों से विजयी रही थी. उनकी उम्र 60 वर्ष हो चुकी है, यही उनकी रिटायरमेंट का कारण भी है. एक मीडिया रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि अब उन्होंने अंपायरिंग करियर को अलविदा कहने का निर्णय ले लिया है, लेकिन अगले सीजन से कमेंट्री करते हुए नजर आएंगे.

नेशनल लीग फुटबॉल

# क्रोएशिया ने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराया, पनामा ने अमेरिका को बाहर किया



जाग्रेब, एजेंसी। एंटे बुदिमिर ने गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में इवान पेरीसिक के क्रॉस पर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई। पेरिसिक ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में बढ़त को दोगुना कर एम्बाप्पे की अपनी राष्ट्रीय टीम में छह महीने के बाद वापसी को फीका कर दिया।

क्रोएशिया ने नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में उलटफेर करते हुए 2022 विश्व कप की उपविजेता टीम फ्रांस को क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 2-0 से हरा दिया। क्रोएशिया की टीम ने शानदार डिफेंस दिखाया और किलियन एम्बाप्पे और ओस्मान डेम्बेले की आक्रामक जोड़ी पर अंकुश लगाने में कामयाब रही। एंटे बुदिमिर ने गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में इवान पेरीसिक के क्रॉस पर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई। पेरिसिक ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में बढ़त को दोगुना कर एम्बाप्पे की अपनी राष्ट्रीय टीम में छह महीने के बाद वापसी को फीका कर दिया। एम्बाप्पे ने पहले हाफ में कई बार डोमिनिक लिवाकोविच की परीक्षा ली लेकिन क्रोएशिया के गोलकीपर ने कुछ अच्छे बचाव करके उनके प्रयासों को विफल कर दिया। यह छह सितंबर को इटली से 3-1 की हार के बाद पहला अवसर था जबकि एम्बाप्पे फ्रांस की तरफ से खेल रहे थे। पहले चरण के अन्य क्वार्टरफाइनल मैचों में जर्मनी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली को 2-1 से हराया, गत चैंपियन स्पेन ने नीदरलैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला और डेनमार्क ने पुर्तगाल को 1-0 से पराजित किया।

### पनामा ने गत चैंपियन अमेरिका को हराया

वहीं, सेसिलियो वॉटरमैन ने दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम के चौथे मिनट में गोल किया जिससे पनामा तीन बार के गत चैंपियन अमेरिका को 1-0 से हराकर कॉनकाफ नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने में सफल रहा।

जिमनास्ट

# प्रणति नायक का FIG विश्व कप में शानदार प्रदर्शन, वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालिफाई किया

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रणति ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले काहिरा में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्वकप की महिला वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। भारतीय जिमनास्ट प्रणति नायक ने तुर्की के



अंताल्या में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्व कप के क्वालिफिकेशन राउंड में तीसरा स्थान हासिल कर वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। तोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली 29 वर्षीय प्रणति ने वॉल्ट क्वालिफिकेशन में 13.317 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। वह जयला हैंग (13.783) और क्लेयर पीज (13.584) की अमेरिकी जोड़ी से पीछे रहीं। प्रणति के कोच अशोक कुमार मिश्रा ने कहा, प्रणति ने क्वालीफिकेशन में अच्छा प्रदर्शन किया और अगर वह फाइनल में इससे बेहतर प्रदर्शन करती है तो पदक जीत सकती है। प्रणति ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले काहिरा में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्वकप की महिला वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2019 (उलानबटोर) और 2022 (दोहा) में एशियाई चैंपियनशिप में वॉल्ट में कांस्य पदक जीते थे।

स्वीस ओपन बैडमिंटन:

# शंकर सुब्रमण्यम ने किया बड़ा उलटफेर, विश्व नंबर दो एंटोनसेन को हराकर किया बाहर

बासेल, एजेंसी। तमिलनाडु के रहने वाले सुब्रमण्यन के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है। उनका अगला मुकाबला फ्रांस के विश्व में 31वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से होगा। भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने डेनमार्क के विश्व में नंबर दो खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में उलटफेर का शिकार बनाकर योनेक्स स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और मौजूदा समय में दुनिया में 64वें नंबर के 21 वर्षीय खिलाड़ी सुब्रमण्यन ने अपने शानदार डिफेंस और प्रभावशाली स्मैश का कमाल दिखाते हुए तीन बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता को 66 मिनट में 18-21 21-12 21-5 से हराया। तमिलनाडु के रहने वाले सुब्रमण्यन के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है। उनका अगला



मुकाबला फ्रांस के विश्व में 31वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से होगा जिन्होंने इस सत्र में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। सुब्रमण्यन टूर्नामेंट में बचे एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं, जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है।

विश्व में नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी में गुरुवार को खेले गए मैच में जर्मनी की एमिली लेहमैन और सेलिन हब्श को 21-12, 21-8 से हराया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में इशरानी बरुआ चीन की हान कियान शी से 63 मिनट में 19-21, 21-18, 18-21 से जबकि अनुपमा उपाध्याय महिला एकल के एक अन्य मैच में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से 17-21, 19-21 से हार गईं। सतीश करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल जोड़ी को लियू कुआंग हेंग और झेंग यू चीह से 14-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। सुब्रमण्यन ने एंटोनसेन के खिलाफ सटीक खेल दिखाया जबकि डेनमार्क के खिलाड़ी का अपने शॉट पर नियंत्रण नहीं था।

# आग लगने से लंदन में बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण हीथ्रो हवाई अड्डा एक दिन बंद रहेगा

» लंदन, भाषा।

**ब्रिटेन का हीथ्रो हवाई अड्डा लंदन के एक विद्युत उपकेंद्र में आग लगने से बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण शुक्रवार को बंद रहेगा। हवाई अड्डा बंद रहने के कारण लाखों यात्रियों को असुविधा होने की आशंका है। विद्युत उपकेंद्र में आग लगने के कारण हजारों मकानों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पश्चिमी लंदन में एक विद्युत उपकेंद्र के ट्रांसफार्मर में आग लग जाने के बाद लगभग 150 लोगों को वहां से निकाला गया। हवाई अड्डे ने एक बयान जारी कर कहा, हमारे यात्रियों और सहकर्मियों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए हमारे पास हीथ्रो को शुक्रवार को पूरे दिन के लिए बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उसने कहा, हमें अगले दिनों के दौरान बड़े व्यवधान की आशंका है, ऐसे में यात्रियों को तब तक किसी भी परिस्थिति में हवाई अड्डे पर नहीं आना चाहिए जब तक वह फिर से नहीं खुल जाता।**

हवाई अड्डे ने कहा कि बिजली बहाल होने की सूचना मिलने पर वह अपने संचालन को लेकर ताजा जानकारी देगा। हीथ्रो अंतरराष्ट्रीय यात्रा की सुविधा देने वाले दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। इस साल जनवरी में यह सबसे व्यस्त रहा और 63 लाख से अधिक यात्री यहां आए। यह संख्या पिछले साल की इसी अवधि से आए यात्रियों की संख्या से पांच प्रतिशत अधिक है। जनवरी लगातार 11वां महीना रहा जब औसतन प्रतिदिन 2,00,000 से अधिक यात्री यहां आए। लंदन अग्निशमन विभाग ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात लगी आग को काबू करने के लिए दमकल की 10 गाडयिां और लगभग 70 अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर हैं। सहायक आयुक्त पैट गॉलबोर्न ने कहा, आग के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है जिससे बड़ी संख्या में मकान और स्थानीय व्यवसाय प्रभावित हुए हैं। हम व्यवधान को सीमित करने के लिए अपने भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में उपकेंद्र से आग की ऊंची लपटें और धुएं के बड़े गुबार निकलते दिखाई दे रहे हैं। स्कॉटिश और सदर्न इलेक्टिसिटी नेटवर्क ने एक्स के जरिए बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने से 16,300 से अधिक मकान प्रभावित हुए हैं। आपातकालीन सेवाओं को आग लगने की सूचना बृहस्पतिवार रात 11 बजकर 23 मिनट पर मिली। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। गॉलबोर्न ने लोगों से सुरक्षा संबंधी सावधानी बरतने और प्रभावित क्षेत्र से दूर रहने की अपील की क्योंकि आग बुझाने के प्रयास अभी जारी हैं।रात के समय उड़ान प्रतिबंधों के कारण हीथ्रो से आमतौर पर सुबह छह बजे विमानों का संचालन शुरू होता है। हवाई अड्डे के फिलहाल शुक्रवार रात 11 बजकर 59 मिनट तक इसके बंद रहने की सूचना दी गई है।



## लंदन हीथ्रो हवाई अड्डा : एयर इंडिया की सेवाएं बाधित



**नई दिल्ली/लंदन।** एयर इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर परिचालन अस्थाई रूप से बंद हो जाने के कारण वहां से उसकी सेवाएं बाधित हुई हैं तथा एक उड़ान मुंबई लौट आई है जबकि दूसरी को फ्रैंकफर्ट भेजा गया है। इसने कहा कि बाकी उड़ाने रद्द कर दी गई हैं। विद्युत व्यवधान के कारण लंदन हीथ्रो (एलएचआर) में परिचालन 21 मार्च को रात लगभग 12 बजे (स्थानीय समय) तक स्थगित कर दिया गया है। एयर इंडिया के अलावा, ब्रिटिश एयरवेज और वर्जिन अटलांटिक की विभिन्न भारतीय शहरों और दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक एलएचआर के बीच प्रतिदिन सीधी उड़ानें हैं। एयर इंडिया (एआई) ने एक बयान में कहा कि एलएचआर से आने-जाने वाली उसकी उड़ानें बाधित हो गई हैं। एयरलाइन ने कहा, मुंबई से लंदन हीथ्रो गई उड़ान एआई129 को मुंबई वापस लौटना पड़ रहा है। दिल्ली से लंदन (हीथ्रो) जा रही उड़ान एआई161 को फ्रैंकफर्ट की ओर मोड़ दिया गया है। आज सुबह की एआई111 समेत लंदन हीथ्रो से आने-जाने वाली हमारी सभी शेष उड़ानें 21 मार्च के लिए रद्द कर दी गई हैं। एयर इंडिया ने यह भी कहा कि लंदन गैटविक के लिए उसकी उड़ानें सामान्य रूप से संचालित होंगी।

भारत-पाकिस्तान के रिश्ते के लिहाज से इतिहास के सबसे बुरे दौर में एक

# भारत, पाकिस्तान के रिश्ते इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे : पूर्व विदेश मंत्री कसूरी

» लाहौर, भाषा।



**पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के रिश्ते मौजूदा वक्त में युद्ध के समय को छोड़कर इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में अचानक सकारात्मक बदलाव भी आ सकते हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ पीस एंड कनेक्टिविटी (आईपीएसी) की ओर से बृहस्पतिवार रात लाहौर में पाकिस्तान-भारत संबंध : वर्तमान स्थिति और आगे की राह विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में कसूरी ने कहा कि आपसी बातचीत ही दोनों देशों के लिए अपने लंबित मुद्दों को सुलझाने का एकमात्र जरिया है। मौजूदा समय को भारत-पाकिस्तान के रिश्ते के लिहाज से इतिहास के सबसे बुरे दौर में एक से करार देते हुए कसूरी ने कहा कि यहां तक कि युद्ध के बाद भी नई दिल्ली और इस्लामाबाद शांति प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के लिए जल्द ही बातचीत की मेज पर आ गए।**

आईपीएसी के अध्यक्ष कसूरी ने कहा कि अगर दोनों देश आपसी विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का मौका चूक जाते हैं, तो यह दुख की बात होगी, क्योंकि उनके पास कश्मीर मुद्दे के संभावित समाधान के लिए चार सूत्री फॉर्मूले के रूप में पहले से ही एक सहमत खाका मौजूद है। साल 2002 से 2007 तक विदेश मंत्री रहे कसूरी स्पष्ट रूप से पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ की ओर से भारतीय नेतृत्व को कथित तौर पर सुझाए गए समाधान का जिक्र कर रहे थे। कसूरी ने इस बात को रेखांकित किया कि उन्होंने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई और मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकारों के साथ शांति प्रक्रिया पर काम किया। उन्होंने कहा कि इसलिए उन्हें पूरा यकीन है कि मौजूदा निराशाजनक स्थिति के बावजूद भारत की अधिकांश जनता पाकिस्तान के साथ शांति चाहती है। कसूरी ने कहा कि चुनौतियों और मौजूदा टकराव के बावजूद उनके अनुभव ने उन्हें सिखाया है कि पाकिस्तान-भारत संबंधों में अचानक सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे करगिल युद्ध के सूत्रधार कहलाने वाले मुशर्रफ का बाद में नई दिल्ली में गर्मजोशी से स्वागत किया गया था। कसूरी ने कहा कि इसी तरह, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में लाहौर में पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से मुलाकात करके सबको चौंका दिया था। उन्होंने दावा किया, ऐसी विश्वसनीय खबरें थीं कि प्रधानमंत्री मोदी अप्रैल 2021 में पाकिस्तान की यात्रा करेंगे... जाहिर तौर पर हिंगलाज माता मंदिर में दर्शन के लिए और उनके बाद में शांति प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के वास्ते (तत्कालीन) प्रधानमंत्री इमरान खान से मिलने के लिए इस्लामाबाद जाने की संभावना थी। उन्होंने कहा, मैं भविष्य में भी इसी तरह के हैरान करने वाली घटनाओं की संभावना से इनकार नहीं करता।

## भारत में 2025 में हवाई यात्रियों की संख्या में सात प्रतिशत की वृद्धि होगी : एल्टन एविएशन



**सिंगापुर।** अमेरिका स्थित एल्टन एविएशन कंसल्टेंसी के निदेशक जोशुआ एनजी ने कहा कि भारत में हवाई यात्रियों की संख्या 2025 में सात प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ने की उम्मीद है। इसे हवाई यात्रा करने वाले बढ़ते मध्यम वर्ग और किफायती हवाई यात्रा से काफी मदद मिलेगी। भारत में विमानन संभावनाओं को लेकर आशान्वित एनजी ने कहा कि यह देश, जो एशिया प्रशांत की घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात मांग में लगभग 10 प्रतिशत का योगदान देता है, कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले के स्तर पर लौट चुका है। एनजी ने शुक्रवार को कहा, इस तरह की बढ़ती मांग भारत के बड़े पैमाने पर विमानन विकास कार्यक्रमों को समर्थन देती है, जिसमें देश भर में 150 हवाई अड्डों की स्थापना भी शामिल है। उन्होंने कहा, भारत में यात्रियों की संख्या 2025 में सात प्रतिशत की मजबूत दर से बढने् की उम्मीद है, जिसे देश की विमानन कंपनियों की करीब 1,900 विमान की ऑर्डर बुक से समर्थन मिलेगा। एल्टन एविएशन कंसल्टेंसी के निदेशक ने कहा कि इसके अलावा, एयर इंडिया और विस्तारा के बीच हाल में हुए विलय से भी उद्योग में अधिक स्थिरता आने की उम्मीद है, क्योंकि एयर इंडिया और इंडिगो क्रमशः पूर्ण-सेवा तथा कम-लागत वाले वाहक खंडों में दो प्रमुख कंपनियां बनकर उभरेंगी। वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर उन्होंने कहा कि चूंकि वैश्विक हवाई यातायात वैश्विक महामारी के पूर्व के स्तर पर लौट आया है, इसलिए विमानन उद्योग 2024 से 2034 तक चार प्रतिशत प्रति वर्ष की अपनी दीर्घकालिक वृद्धि प्रवृत्ति को जारी रखेगा। इसे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 2.7 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि से बल मिलेगा। एनजी ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र हवाई यात्रा के लिए सबसे बड़ा बाजार बना रहेगा जिसकी अनुमानित वृद्धि दर 5.1 प्रतिशत प्रति वर्ष होगी, जो मुख्य रूप से चीन और भारत से बढ़ती दीर्घकालिक मांग से प्रेरित होगी।

## हीथ्रो हवाई अड्डे पर लगी आग में किसी गड़बड़ी का कोई संकेत नहीं : पुलिस

**लंदन।** लंदन महानगर पुलिस ने कहा है कि हीथ्रो हवाई अड्डे पर लगी लगी आग में अभी तक किसी गड़बड़ी का कोई संकेत नहीं मिला है, लेकिन आतंकवाद के मामलों के विशेषज्ञ इसके कारणों की जांच कर रहे हैं। महानगर पुलिस बल के मुताबिक आतंकवाद मामलों की जांच करने वाले विशेषज्ञ विद्युत उपकेंद्र में आग लगने के स्थान और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे पर इसके प्रभाव के कारण इसकी जांच कर रहे हैं। उसने कहा कि आतंकवाद निरोधक कमान के पास विशेष संसाधन और क्षमताएं हैं जो कारण का शीघ्र पता लगाने में मदद कर सकती हैं।

# उत्तर कोरिया ने नई मिसाइलों के परीक्षण का दावा किया

» सियोल, भाषा।




**उत्तर कोरिया ने नई विमान भेदी मिसाइलों का परीक्षण करने का शुक्रवार को दावा किया। उत्तर कोरिया ने ऐसे समय में यह दावा किया है जब उसकी सेना ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों के खिलाफ गंभीर कदम उठाने की हाल में धमकी दी है। उत्तर कोरिया इन सैन्य अभ्यासों को उस पर हमले के अभ्यास के तौर पर देखता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि देश के नेता किम जोंग उन की निगरानी में बृहस्पतिवार को ये मिसाइल परीक्षण किए गए। उसने कहा कि ये मिसाइल उत्तर कोरिया के लिए एक और प्रमुख रक्षा हथियार प्रणाली हैं। यह मिसाइल प्रक्षेपण इस वर्ष उत्तर कोरिया का छठा हथियार परीक्षण है।**

यह परीक्षण उसी दिन किया गया जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं ने अपना वार्षिक फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट अभ्यास समाप्त किया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के अधिकारी अपने संयुक्त सैन्य अभ्यास को रक्षात्मक प्रकृति का बताते हैं लेकिन उत्तर कोरिया इसे अपनी सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बताता रहा है। उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास में उत्तर कोरिया के परमाणु हथियारों को नष्ट करने के मकसद से भूमिगत सुरंगों को ध्वस्त करने का अभ्यास किया गया। मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि अगर अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने फिर से इसी तरह की भड़काऊ कार्रवाई की तो उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### खैबर पख्तूनख्वा में मुठभेड़ के दौरान 10 आतंकवादियों और पाकिस्तानी सेना के एक कैप्टन की मौत

» पेशावर, भाषा।




**पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में मुठभेड़ के दौरान एक प्रतिबंधित संगठन से जुड़े कम से कम 10 आतंकवादियों और पाकिस्तानी सेना के एक कैप्टन की मौत हो गई। पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया और जनसंपर्क शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद बृहस्पतिवार को खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान (आईबीओ) चलाया गया।**

बयान में बताया गया कि भीषण मुठभेड़ के दौरान कैप्टन हसनैन अख्तर की मौत हो गई। आईएसपीआर ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद जब्त किया गया है। उसने बताया कि ये आतंकवादी विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसी के खिलाफ कई हमले करने के साथ-साथ निर्दोष आम नागरिकों की हत्या में भी शामिल थे। उसने कहा, इलाके में तलाश अभियान जारी है और सुरक्षा बल देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।... अफगानिस्तान में 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में वृद्धि हुई है। विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान के सीमावर्ती प्रांतों में कानून प्रवर्तकों और सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर हमले किए जा रहे हैं।

### भारतीय मूल का सिंगापुर निवासी रेडियो जॉकी यौन अपराध के आरोपों से घिरा

» सिंगापुर, भाषा।



**भारतीय मूल के सिंगापुर निवासी रेडियो जॉकी और तमिल भाषा के अभिनेता गुनालन मोर्गन को नाबालिग के साथ यौन संवाद करने समेत यौन अपराधों को लेकर आरोपित किया गया है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, गुनालन (43) को शुक्रवार को स्टेट कोर्ट में पेश किया गया जहां उनपर चार यौन अपराधों से जुड़े आरोप समेत सात आरोप लगाए गए। अदालत ने पीड़ितों की पहचान और अपराध स्थलों के खुलासे पर रोक लगा दी है। गुनालन मीडिया कॉर्प के तमिल रेडियो स्टेशन ओली968 में निर्माता और प्रस्तुतकर्ता के रूप में कार्यरत हैं और वह तमिल भाषा के अभिनेता भी हैं।**

मीडिया कॉर्प ने उनकी गिरफ्तारी की जानकारी मिलने के बाद उन्हें तत्काल निलंबित कर दिया और सेवा समाप्ति का नोटिस जारी कर दिया। गुनालन के पक्ष में अभी कोई वकील अदालत में पेश नहीं हुआ है। उन्होंने अदालत में वकील नियुक्त करने की बात कही। अभियोजन पक्ष के अनुसार, गुनालन पर 25 अगस्त 2024 से 31 अगस्त 2024 के बीच नाबालिग से यौन संवाद करने का आरोप है। इसके अलावा, 16 सितंबर 2024 को जब उन्हें पुलिस रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी मिली तो उन्होंने पीड़िता के साथ इंस्टाग्राम पर किए गए चैट को हटा दिया जिसे न्यायिक प्रक्रिया में बाधा डालने का अपराध माना गया। गुनालान 21 अप्रैल को अपनी अगली सुनवाई के लिए अदालत में लौटेंगे।

## इंडोनेशिया में तीन भारतीय नागरिकों को मादक पदार्थ तस्करी के मामले में हो सकती है मौत की सजा

» सिंगापुर, भाषा।



**इंडोनेशिया में मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में तीन भारतीय नागरिकों को मौत की सजा हो सकती है। एक मीडिया रिपोर्ट में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। आरोपियों पर सिंगापुर के झंडे वाले जहाज से 106 किलोग्राम क्रिस्टल मेथ की तस्करी करने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि राजू मुथुकुमारन (38), सेल्वदुरई दिनाकरन (34) और गोविंदसामी विमलकंधन (45) को जुलाई 2024 में इंडोनेशिया के करीमुन जिले के पोंगकर जल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। तीनों तमिलनाडु के निवासी हैं और सिंगापुर के शिपिंग (जहाजरानी) उद्योग में कार्यरत थे।**

अधिकारियों के अनुसार, इंडोनेशियाई अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर लेजेंड एक्वेरियस कार्गो जहाज को रोका था। जांच में इस जहाज से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुआ। अदालत में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने कहा कि जहाज के कप्तान की गवाही आवश्यक है, लेकिन वह केवल वर्चुअल रूप से पेश हुए जिससे जिरह नहीं हो सकी। बचाव पक्ष के वकील ने दलील दी कि इतने बड़े पैमाने पर मादक पदार्थ तस्करी कप्तान की जानकारी के बिना संभव नहीं। अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के लिए मौत की सजा की मांग की है। इंडोनेशियाई राष्ट्रीय नारकोटिक्स एजेंसी के प्रमुख मार्थिनस हुकॉम ने कहा कि तीनों भारतीय नागरिक ही मादक पदार्थों के मालिक हैं।

## पाकिस्तान ने अवैध रूप से रह रहे आठ लाख से अधिक अफगानों को वापस भेजा

**पेशावर।** पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे अफगान नागरिकों की वापसी की प्रक्रिया लगातार जारी है और 20 मार्च तक आठ लाख से अधिक लोगों को उनके देश वापस भेजा जा चुका है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान सरकार ने 31 मार्च की समय-सीमा तय की है जिसके तहत अवैध रूप से रह रहे लोगों और अफगान नागरिक कार्ड धारकों को देश छोडऩा होगा। इसी के तहत अब तक 8,74,282 अफगानों को पाकिस्तान से वापस भेजा गया है। सरकार ने यह कदम आतंकवाद से जुड़ी चिंताओं के चलते उठाया है। अधिकारी ने आश्वासन दिया कि इस प्रक्रिया में किसी के साथ दुर्व्यवहार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अफगानिस्तान लौटने वाले लोगों के लिए भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। अधिकारी ने कहा कि तय समय-सीमा के बाद पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान सहित दुनिया के अन्य देशों से अफगान शरणार्थियों की धीरे धीरे वापस भेजने का आह्वान किया।

# इजराइल :शीर्ष अदालत ने आंतरिक सुरक्षा प्रमुख को बर्खास्त करने के नेतन्याहू के फैसले पर रोक लगाई

» यरूशलम, भाषा।



**इजराइल की शीर्ष अदालत ने देश की आंतरिक सुरक्षा सेवा एजेंसी शिन बेट के प्रमुख को बर्खास्त करने के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के फैसले पर शुक्रवार को अस्थाई तौर पर रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि शिन बेट के प्रमुख रोनेन बार की बर्खास्तगी पर तब तक रोक रहेगी, जब तक कि उनकी अपील पर सुनवाई नहीं हो जाती। सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला नेतन्याहू मंत्रिमंडल के रोनेन को शिन बेट के प्रमुख पद से बर्खास्त करने के प्रधानमंत्री के अनुरोध को मंजूरी देने के कुछ घंटों बाद आया।**

अदालत ने कहा कि वह रोनेन की बर्खास्तगी के फैसले पर आठ अप्रैल तक रोक लगा रही है और इस अवधि में उनकी अपील पर सुनवाई होगी। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा था कि रोनेन की बर्खास्तगी 10 अप्रैल से प्रभावी होगी, लेकिन अगर उनकी जगह नया प्रमुख मिल जाता है, तो यह पहले भी प्रभावी हो सकती है। इजराइल के अटॉर्नी जनरल ने फैसला सुनाया है कि मंत्रिमंडल के पास रोनेन को बर्खास्त करने का कोई कानूनी आधार नहीं है। हमास की ओर से इजराइल पर सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमलों के संबंध में शिन बेट की रिपोर्ट में सुरक्षा एजेंसी की विफलता की बात स्वीकार की गई थी। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि नेतन्याहू सरकार की नीतियों ने ऐसी परिस्थितियां पैदा कीं, जिनके कारण यह हमला हुआ।

## इजराइल के मंत्रिमंडल ने आंतरिक सुरक्षा सेवा एजेंसी के प्रमुख को बर्खास्त करने का अनुरोध स्वीकार किया



**दीर-अल-बला (गाजा पट्टी)।** इजराइल के मंत्रिमंडल ने देश की आंतरिक सुरक्षा सेवा एजेंसी शिन बेट के प्रमुख को बर्खास्त करने के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के अनुरोध को मंजूरी दे दी है। शिन बेट के प्रमुख रोनेन बार को बर्खास्त करने के देर रात के फैसले से सत्ता संघर्ष और गहरा गया है जो मुख्य रूप से इस बात पर केंद्रित है कि गाजा में युद्ध शुरू करने वाले हमास के हमले के लिए कौन जिम्मेदार है। इससे देश में शक्तियों के बंटवारे को लेकर संकट की स्थिति भी पैदा हो सकती है। इजराइल के अटॉर्नी जनरल ने फैसला सुनाया है कि मंत्रिमंडल के पास बार को बर्खास्त करने का कोई कानूनी आधार नहीं है।

## सूडान की राजधानी में प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बलों के अंतिम क्षेत्र पर फिर हुआ सेना का कब्जा

» काहिरा, भाषा।

**सूडान की सेना ने लगभग दो साल की लड़ाई के बाद खार्तूम में रिपब्लिकन पैलेस पर पुनः कब्जा कर लिया है, जो राजधानी में प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बलों का अंतिम गढ़ था। सूडान की सेना ने यह जानकारी दी। रिपब्लिकन पैलेस नील नदी के किनारे स्थित है और युद्ध शुरू होने से पहले यह सरकार का मुख्यालय था। रिपब्लिकन पैलेस पर फिर से कब्जा करना सूडान की सेना के लिए युद्ध के मैदान में एक और उपलब्धि है। सेना प्रमुख जनरल अब्देल-फतह बुरहान के नेतृत्व में हाल के महीनों में सेना लगातार आगे बढ़ रही है।**

रिपब्लिकन पैलेस पर सेना के कब्जा करने का अर्थ यह है कि जनरल मोहम्मद हमदान दगालो के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) को खार्तूम की राजधानी से बाहर निकाल दिया गया है। सूडान में युद्ध अप्रैल 2023 में शुरू हुआ था। आरएसएफ ने अपनी हार तत्काल स्वीकार नहीं की। बहरहाल, इस हार के बावजूद युद्ध संभवतः नहीं रुकेगा क्योंकि इस संगठन और उसके सहयोगियों का सूडान में अब भी कई क्षेत्रों पर कब्जा है। इस युद्ध में 28,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, लाखों लोगों को अपने घर छोडने् पर मजबूर होना पड़ा है। कुछ परिवार देश के कई हिस्सों में फैले अकाल के कारण जिंदा रहने के लिए घास तक खाने को मजबूर हैं।

अंतरिक्ष संचालन मिशन निदेशालय — किसी भी स्थान की यात्रा के लिए आकस्मिक भत्ता पांच डॉलर प्रति दिन : रसेल

# लंबे अंतरिक्ष प्रवास के लिए कोई ओवरटाइम नहीं मिलेगा सुनीता और बुच को

» न्यूयॉर्क, भाषा।



**क्या सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतरिक्ष में तय समय से ज़्यादा समय बिताने के लिए ओवरटाइम मिलेगा? बिल्कुल नहीं। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक खबर के अनुसार, नासा के नियमों के अनुसार, सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अप्रत्याशित रूप से लंबे अपने अंतरिक्ष प्रवास के लिए कोई ओवरटाइम नहीं मिलेगा। दोनों अंतरिक्ष में 286 दिन बिताने के बाद मंगलवार को धरती पर लौटे हैं। उनके अंतरिक्ष यान में खराबी आने के बाद अनुमान से 278 दिन ज़्यादा उन्होंने अंतरिक्ष में बिताए। अखबार ने कहा उन्हें आकस्मिक खर्चों के लिए प्रतिदिन पांच अमेरिकी डॉलर मिलते हैं।**

न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि अपने दूरस्थ गंतव्य और अंतरिक्ष यात्रा के जोखिमों के बावजूद, जब वेतन की बात आती है, तो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ व्यवसायिक यात्रा पर जाने वाले किसी भी अन्य सरकारी कर्मचारी की तरह व्यवहार किया जाता है। एजेंसी के अंतरिक्ष संचालन मिशन निदेशालय के प्रवक्ता जिमी रसेल ने न्यूयॉर्क टाइम्स को ईमेल के ज़रिए बताया अंतरिक्ष में रहते हुए, नासा के अंतरिक्ष यात्री संघीय कर्मचारियों के रूप में आधिकारिक यात्रा पर होते हैं। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर मूल रूप से नौ महीने से ज़्यादा समय तक अपने कार्यस्थल को छोड़ने में असमर्थ थे। रसेल ने कहा कि लेकिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्रियों को कोई ओवरटाइम, छुट्टी या सप्ताहांत का वेतन नहीं मिलता है। रसेल ने कहा कि उनके परिवहन, भोजन और आवास का खर्च वहन किया जाता है और कार्य यात्राओं पर जाने वाले अन्य संघीय कर्मचारियों की तरह, उन्हें दैनिक आकस्मिक भत्ता मिलता है। रसेल ने कहा कि किसी भी स्थान की यात्रा के लिए आकस्मिक भत्ता पांच डॉलर प्रति दिन है। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इसका मतलब यह है कि नासा के मुताबिक विल्मोर और विलियम्स को उनके वार्षिक वेतन - लगभग 152,258 डॉलर के अलावा अंतरिक्ष में अपने 286 दिनों के लिए लगभग 1,430 डॉलर मिले। अमेरिकी सामान्य सेवा प्रशासन के अनुसार, पृथ्वी से 250 मील ऊपर कक्षा में रहते हुए विल्मोर और विलियम्स ने क्या आकस्मिक खर्च किए होंगे, यह स्पष्ट नहीं है। आम तौर पर, यह खर्च कुलियों, सामान वाहक, होटल कर्मचारियों और जहाजों पर कर्मचारियों को दिए जाने वाले शुल्क और टिप होते हैं सुनीता विलियम्स और विल्मोर ने अपने लंबे प्रवास को वास्तव में कठिनाई के रूप में नहीं देखा। सितंबर में सुनीता विलियम्स ने संवाददाताओं से कहा था यह मेरी खुशी की जगह है। मुझे अंतरिक्ष में रहना बहुत पसंद है। यह मज़ेदार है, आप जानते हैं?

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,